

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,सोमवार 27 अप्रैल 2026 ■ बैसाख शुक्ल पक्ष-10 ■ वर्ष -42 ■ अंक-029 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 28 अप्रैल 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये


## अब भाजपा सरकार की शपथ में ही लौटूंगा बंगाल: मोदी

**कोलकाता,27 अप्रैल।** पीएम नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के बैरकपुर में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए बड़ा दावा किया है। उनका कहना है कि अब मैं बंगाल 4 मई के बाद ही लौटूंगा, जब भाजपा की सरकार का शपथ ग्रहण समारोह होगा। यही नहीं उनका कहना था कि मेरी लिए देश की जनता ही परिवार है और अपना घर छोड़ने के बाद से अब तक मैं आपके साथ ही रहा हूं। उन्होंने बंगाल के साथ अपने पुराने रिश्ते का भी इस दौरान जिक्र किया। उन्होंने कहा कि मेरी निजी जिंदगी और आध्यात्मिक यात्रा में बंगाल का अहम योगदान रहा है। शक्ति के प्रति मेरी आस्था भी बंगाल से जुड़ा का एक बड़ा कारण रही है। मेरी निजी आध्यात्मिक यात्रा में यह मेरी लिए शक्ति का बड़ा केंद्र रहा है। मैंने बंगाल की कई महान हस्तियों से बहुत प्रेरणा ली है। यहां के लोगों से मुझे बहुत प्यार मिला है। बंगाल की धरती से मिले अनुभव मेरी जिंदगी में बहुत महत्वपूर्ण रहे हैं। बैरकपुर की अपनी रैली को आखिरी जनसभा में बताते हुए पीएम मोदी ने कहा कि अब तो मैं शपथ समारोह में ही आऊंगा। इस तरह उन्होंने में भाजपा सरकार बनने का



भरोसा जताया। पीएम मोदी ने कहा, 'बंगाल के इस चुनाव में यह मेरी आखिरी रैली है। मैं बंगाल में जहां भी और जब भी गया हूं तो लोगों का मूड देखा है। मैं इस भरोसे के साथ लौट रहा हूं कि अब 4 मई के बाद भाजपा सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में ही बंगाल लौटूंगा।' पीएम मोदी ने कहा कि बंगाल में रैलियों और रोड शो के दौरान मैंने देखा कि लोगों के बेहद भावुक संदेश थे। इन संदेशों को मैं कभी भूल नहीं सकता। उन्होंने कहा कि मैंने रात के समय फुर्सत में बैठकर सभी लोगों के संदेश देखे। आपके मेसेज और लेटर भी पढ़े। मैंने कई संदेशों में लोगों का दर्द समझा। मैं आपके आशीर्वाद को समझता हूं। मैं जानता हूं कि आपने मेरे ऊपर कितनी जिम्मेदारी दी है और क्या उम्मीदें रखी हैं। पीएम मोदी ने इस दौरान अपनी दशकों के राजनीतिक सफर को भी याद किया। पीएम मोदी ने कहा कि मैं अपना घर छोड़ने के बाद से ही आप लोगों के साथ हूं।

### 4 दशकों से आप लोगों के बीच कहीं रुका नहीं, बस चलता ही रहा

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'बीते तीन से 4 दशकों से मैं देश के हर कोने में यात्रा कर रहा हूं। राजनीति में आने और भाजपा का हिस्सा बनने के बाद मुझे जो भी जिम्मेदारी मिली, मैंने वह अदा की। चुनाव की ड्यूटी मिली तो वह भी किया। मैंने कभी दिन या रात देखकर या फिर मौसम का मिजाज देखकर काम नहीं किया। मैं बस चलता रहा हूं। अपना घर छोड़ने के बाद मैंने हमेशा आराम और शांति बस आप लोगों के बीच ही खोजा है। आप लोग ही मेरा परिवार हैं।' भाजपा कैंडिडेट कौस्तव बागची के लिए रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि अब मैं आप लोगों से 4 मई के बाद होने वाले भाजपा सरकार के शपथग्रहण समारोह में ही आप लोगों से मिलूंगा।

## राजनीतिक एजेंडा साधने के लिए बुलाया गया सत्र: दीपक बैज

**रायपुर,27 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के प्रस्तावित विशेष सत्र को लेकर सियासत गरमा गई है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा है कि 30 अप्रैल को बुलाया गया विशेष सत्र राजनीतिक उद्देश्य से प्रेरित है और इसका मकसद कांग्रेस के खिलाफ निंदा प्रस्ताव लाना है। दीपक बैज ने कहा कि राज्यपाल की अधिसूचना में "महत्वपूर्ण कार्य" का उल्लेख किया गया है, लेकिन महिला आरक्षण बिल 2023 पहले ही संसद से पारित होकर कानून बन चुका है। ऐसे में विधानसभा में इस पर चर्चा का क्या औचित्य है? उन्होंने सवाल उठाया कि क्या यह लोकसभा का अपमान नहीं है? उन्होंने आगे कहा कि अगर सरकार को सत्र बुलाना ही है, तो ढाई साल के अपने कार्यों पर चर्चा करे और "मोदी की गारंटी" पर बहस कराए। बैज ने आरोप लगाया कि जनता की गाढ़ी कमाई को बर्बाद करने के लिए यह विशेष सत्र आयोजित किया जा रहा है। पुलिस कमिश्नरी प्रणाली को लेकर भी PCC चीफ ने तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि जहां-जहां यह व्यवस्था लागू हुई है, वहां यह असफल साबित हुई है।

## जमीन कारोबारी के ठिकानों पर ईडी का छापा

**रायपुर,27 अप्रैल।** भारतमाला परियोजना घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जमीन कारोबारी गोपाल गांधी समेत उनसे जुड़े लोगों के आधा दर्जन से अधिक ठिकानों पर ईडी ने आज छापा मारा है. जानकारी के अनुसार, प्रवर्तन निदेशालय के 13 अफसरों की बड़ी टीम छापामार कार्रवाई को अंजाम दे रही है. इस कड़ी में गोपाल गांधी के अभनपुर स्थित घर और उसके ऑफिस में छापा मारा गया है. सुबह पौ फटने से पहले पहुंची ईडी की टीम अभी तक दस्तावेजों के साथ-साथ तमाम डिजिटल साक्ष्यों की तलाश कर रही है. प्रवर्तन निदेशालय और आर्थिक अपराध अन्वेषण शाखा की जांच में पता चला है कि कृषि भूमि को बैकडेट में गैर-कृषि भूमि में बदलकर उसका मुआवजा कई गुना बढ़ाकर दिखाया गया. यह खेल राजस्व विभाग के अधिकारियों (एसडीएम, तहसीलदार, पटवारी) ने जमीन दलालों के साथ मिलकर खेला. इसमें एक ही खसरे की जमीन को कागजों में छोटे-छोटे टुकड़ों में बांटकर अलग-अलग लोगों को मुआवजा दिलाया गया. मामले में ईडी ने कार्रवाई करते हुए पूर्व में रायपुर और महासमुंद में छापेमारी



कर करोड़ों की संपत्तियां अटैच की हैं, और 40 लाख रुपये से अधिक कैश जब्त किए हैं. मामले में तत्कालीन सब-डिविज़नल ऑफिसर निर्भय साहू और अन्य अधिकारियों को गिरफ्तार किया जा चुका है. इसके साथ ईओडब्ल्यू ने 10 लोगों के खिलाफ पहली चार्जशीट दाखिल की है, जिसमें सरकारी अधिकारी और जमीन दलाल शामिल हैं.

### बस से कूदे यात्री, आग लगने से बालोद रोड में हड़कंप

**बालोद, 27 अप्रैल ।** शादियों के सीजन के बीच सड़क दुर्घटनाएं भी सामने आ रहीं हैं. बालोद जिले में भी उस वक्त हड़कंप मच गया, जब सड़क के बीच बाराती बस में अचानक आग लग गई. घटना से मौजूद बारातियों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया. देखते ही देखते बस में पूरी तरह आग लग गई. जानकारी के मुताबिक, शर्मा ट्रेवल्स की बस बारातियों को कांकेर जिले के अरौद गांव से लेकर बालोद जिले के बडग़ांव आ रही थी. जैसे ही बस पुरुर थाना क्षेत्र के जगतरा मंदिर के पास पहुंची अचानक आग लग गई. गनीमत रही कि बस में मौजूद लोगों ने किसी तरह बाहर निकलकर अपनी जान बचाई, जिससे जनहानि होने से टल गई. सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जांच शुरू कर दी है. फिलहाल आग कैसे लगी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है. हालांकि शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है.

### शादी घर में हत्या, भारी संख्या में फोर्स तैनात

**राजनांदगांव, 27 अप्रैल ।** जिले के डोंगरगढ़ ब्लॉक के ग्राम रामाटोला में शादी समारोह के दौरान पुरानी रंजिश ने हिंसक रूप ले लिया, जिसमें चाकूबाजी की घटना में एक युवक की मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल बताया जा रहा है। मृतक की पहचान रामाटोला निवासी 20 वर्षीय योमिश सिन्हा के रूप में हुई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, कुछ दिन पहले ग्राम सांखरा में आयोजित एक शादी समारोह के दौरान मृतक युवक का कुछ युवकों से विवाद हुआ था। इसी रंजिश के चलते आरोपियों ने रविवार देर रात रामाटोला में चल रहे एक अन्य शादी समारोह में योमिश सिन्हा को घेर लिया। पहले उसके साथ मारपीट की गई और फिर चाकू से हमला कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बन गया है। स्थिति को देखते हुए एहतियातन भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है, ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटा जा सके। फिलहाल पुलिस मौके पर मौजूद है और पूरे मामले की जांच कर रही है।

### पूर्व विधायक के पुत्र ने लगाई फांसी

**रायपुर,27 अप्रैल।** पूर्व विधायक धनीराम साहू के पुत्र जय साहू ने फाँसी लगाकर आत्महत्या कर ली. 45 वर्षीय जय साहू के पास से पुलिस को कोई सुसाइडल नोट नहीं मिला है. आशंका है कि उन्होंने घरेलू विवाद के चलते फांसी लगाई है. सूचना पर पहुंची पंडरी थाना पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए रवाना कर दिया है. जानकारी के अनुसार, धनीराम साहू वर्ष 1977 में कसडोल विधानसभा से विधायक चुने गए थे. उन्होंने जनता पार्टी की टिकट पर चुनाव लड़ा था.

### 7 राज्यसभा सांसदों के भाजपा में विलय को मिली मंजूरी

**नई दिल्ली,27 अप्रैल।** अरविंद केजरीवाल की अगुवाई वाली आम आदमी पार्टी के सात सांसदों के बीजेपी में विलय को मंजूरी मिल गई है। राज्यसभा के सभापति ने इस विलय को मंजूरी दे दी है। इस संबंध में अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। इससे केजरीवाल की पार्टी को बड़ा झटका लगा है। आम आदमी पार्टी के 7 सांसदों के बीजेपी में शामिल होने से राज्यसभा में बीजेपी के सांसदों की कुल संख्या 113 हो गई है। जिनमें राष्ट्रपति की तरफ से 5 मनोनीत सदस्य हैं।

## ईरान-अमेरिका तनाव के बीच अब्बास अराघची मॉस्को पहुंचे

**मास्को,27 अप्रैल।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची इस्लामाबाद दौरे के बाद रूस पहुंच गए हैं। वह रविवार को रूस की सबसे बड़ी दूसरी नगरी सेंट पीटर्सबर्ग पहुंचे। आज सोमवार को अब्बास अराघची रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से महत्वपूर्ण वार्ता करने वाले हैं। यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है, जब ईरान अमेरिका और इजरायल के साथ चल रहे संघर्ष को समाप्त करने के लिए कूटनीतिक प्रयास तेज कर रहा है। अराघची की यह रूस यात्रा पाकिस्तान और ओमान के बाद हो रही है। ईरान के मॉस्को स्थित राजदूत काजेम जलाली ने बताया कि विदेश मंत्री अराघची रूसी राष्ट्रपति पुतिन के साथ मुलाकात में द्विपक्षीय संबंधों, मध्य पूर्व की स्थिति और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करेंगे। ईरानी राज्य मीडिया आईआरएनए ने इसकी पुष्टि की। अराघची अमेरिका-इजरायल युद्ध के बाद ईरान की कूटनीतिक गतिविधियों का प्रमुख हिस्सा बने हुए हैं। रूस ईरान का महत्वपूर्ण सहयोगी देश है। इन दोनों देशों के बीच आर्थिक, सैन्य तथा रणनीतिक साझेदारी मजबूत है। पुतिन के साथ बैठक में ईरान अमेरिका के साथ



संभावित बातचीत, क्षेत्रीय सुरक्षा और प्रतिबंधों जैसे मुद्दों पर रूस का समर्थन मांग सकता है। ट्रंप प्रशासन के बयानों के बीच यह मुलाकात काफी अहम मानी जा रही है। ईरान लगातार कह रहा है कि वह अपनी संप्रभुता और सुरक्षा के लिए हर कदम उठाएगा। रूस की इस यात्रा से दोनों देशों के बीच समन्वय बढ़ने की उम्मीद है।

## सांसद भोजराम नाग को हाईकोर्ट से मिली बड़ी राहत, खारिज की निर्वाचन रद्द करने की याचिका

**बिलासपुर,27 अप्रैल।** सांसद भोजराज नाग को हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है. कांकेर से निर्वाचित सांसद भोजराज नाग पर ईवीएम मशीन में छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए तत्कालीन उम्मीदवार बीरेश ठाकुर ने निर्वाचन रद्द करने याचिका दायर की थी, जिसे हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया. हाईकोर्ट ने याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि मशीनों की दोबारा जांच के लिए कोई निर्देश तब तक जारी नहीं किया जा सकता, जब तक मौखिक या डॉक्यूमेंट के ज़रिए गड़बड़ी के बारे में कोई सबूत रिकॉर्ड पर न रखा गया हो. याचिका खारिज कर याचिकाकर्ता को डॉक्यूमेंट्री सबूत रिकॉर्ड करने के बाद नई एप्लीकेशन फाइल करने की छूट दी गई है. हाईकोर्ट में यह एप्लीकेशन कांकर से सांसद पद के उम्मीदवार बीरेश ठाकुर ने डिस्ट्रिक्ट इलेक्शन ऑफिसर, रिटर्निंग ऑफिसर को 26 अप्रैल 2024 को कांकेर पार्लियामेंट्री सीट के लिए हुए इलेक्शन में इस्तेमाल हुई ईवीएम (बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट, वीवीपेट यूनिट) की चेकिग और वेरिफिकेशन करने की इजाज़त देने के लिए एक ऑर्डर जारी करने के लिए फाइल की है. इस इलेक्शन पिटीशन में पिटीशनर ने आरोप लगाया है कि इलेक्शन प्रोसेस रिटर्निंग ऑफिसर ने गलत इरादे से किया था, और इसमें कई तरह की गड़बड़ियां और गलत काम किए, जिससे इलेक्शन के नतीजे पर काफी असर पड़ा. पिटीशनर ने आरोप लगाया है कि दूसरी रैंडमाइजेशन रिपोर्ट में मशीन नंबर वीवीपेट यूनिट और अलग-अलग असेंबली सीटों गुंडरदेही नंबर 61, सिहावा नंबर 56, संजरीबालोड नंबर 59, डोंडी लोहारा (एसटी ) नंबर 60, और केशकाल नंबर 82 के पोलिग स्टेशनों के फॉर्म 17सी में मशीन नंबर में कुछ अंतर हैं.गिनती में गड़बड़ी के सबूत लाएं बताई गई कानूनी स्थिति और इलेक्शन पिटीशन में दी गई दलीलों को ध्यान में रखते हुए कोर्ट ने माना कि इस समय ईवीएम मशीनों की दोबारा जांच के लिए कोई निर्देश तब तक जारी नहीं किया जा सकता जब तक पार्टियों द्बारा मौखिक या डॉक्यूमेंट्री सबूत के ज़रिए गड़बड़ी के बारे में कोई सबूत पहली नज़र में रिकॉर्ड पर न रखा गया हो.याचिका को खारिज कर पिटीशनर को कांकेर संसदीय क्षेत्र नंबर 11 के इन विधानसभा क्षेत्रों में वोटों की गिनती में गड़बड़ी के बारे में कुछ मौखिक या डॉक्यूमेंट्री सबूत रिकॉर्ड करने के बाद नई एप्लीकेशन फाइल करने की छूट दी है.



## सीजफायर खत्म होने से पहले ट्रंप ने तेहरान को फिर धमकी दी

**वाशिंगटन,27 अप्रैल।** अमेरिका-ईरान सीजफायर खत्म होने में सिर्फ 3 दिन बचे हैं। सीजफायर खत्म होने से पहले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को फिर धमकी दी है। ट्रंप ने कहा कि ईरान के पास सिर्फ 3 दिन बचे हुए हैं। इस बार तेहरान ने हमारी शर्तें नहीं मानी तो ईरान के तेल-गैस पाइपलाइन सब ब्लास्ट हो जाएंगी। इस बार ईरान में सिर्फ तबाही का मंजर होगा। ट्रंप की ताजा धमकी ऐसे समय में आई है, जब ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची रविवार को एक बार फिर इस्लामाबाद पहुंचे हैं, जहां उन्होंने पाकिस्तान के आर्मी चीफ फील्ड मार्शल असीम मुनीर के साथ मुलाकात की। ट्रंप ने समझाया कि अगर ईरान तेल का निर्यात जारी नहीं रख पाता है तो पाइपलाइनें यांत्रिक रूप से और प्राकृतिक कारणों से खराब हो जाएंगी। ऐसा इसलिए होगा क्योंकि तेल को जहाजों या स्टोरेज टैंकों में भेजने का रास्ता बंद है और उस पर नाकेबंदी लगी हुई है। पाइपलाइन के अंदर दबाव बनता है और तकनीकी व प्राकृतिक कारणों से वह फट सकती है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि एक बार फटने के बाद ईरान पाइपलाइन को उसकी असली क्षमता तक दोबारा नहीं बना पाएगा। यह अपनी पिछली उत्पादन क्षमता के मुकाबले सिर्फ 50% पर ही काम कर पाएगी। इसी इंटरव्यू में ट्रंप ने कहा कि अगर ईरान बातचीत करना चाहता है तो अमेरिका से संपर्क कर सकता है। ट्रंप ने कहा, 'अगर वे बात करना चाहते हैं, तो हमारे पास आ सकते हैं, या हमें फोन कर सकते हैं। आप जानते हैं, फोन मौजूद हैं। हमारे पास अच्छी और सुरक्षित लाइनें हैं।

## पाकिस्तान रहा फेल, अब ओमान निकालेगा समाधान

**तेहरान/मस्कट,27 अप्रैल।** ईरानी सूत्रों का दावा है कि अब अगली मध्यस्थता बैठक ओमान में ही हो सकती है। ओमान पहले भी ईरान की पसंद रहा है। कुछ दिन पहले ही आसिम मुनीर भी ओमान गए थे और माना जा रहा है कि पाकिस्तान भी अब मान चुका है कि उसके जरिए समझौता हो पाना संभव नहीं है। ओमान अमेरिका और ईरान के बीच वार्ता के लिए वेन्यू रहा है। ईरान और अमेरिका के बीच युद्ध खत्म कराने के लिए समझौते का दावा करने वाला पाकिस्तान फेल रहा है। अब तक दो राउंड की वार्ता किसी नतीजे तक नहीं निकली है। हालात ऐसे हैं कि डोनाल्ड ट्रंप का कहना है कि अब ईरान सामने कोई बात नहीं होगी और इसमें वक्त खराब होता है। ईरान को यदि कोई जरूरत है या समझौते की इच्छा है तो वह हमें सीधे फोन कर सकता है। वहीं ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने पाकिस्तान से सीधे ओमान की फ्लाइट पकड़ ली और फिर रूस पहुंचे हैं। अब इस मामले में रूस की एंट्री ने माहौल और गरमा दिया है। अमेरिका ने ईरान के विदेश मंत्री के रूस दौरे पर सारी पाइपलाइनें ही तबाह करने की धमकी दी है। वहीं ईरानी सूत्रों का दावा है कि अब अगली मध्यस्थता बैठक ओमान में ही हो सकती है। ओमान पहले भी ईरान की पसंद रहा है। कुछ दिन पहले ही आसिम मुनीर भी ओमान गए थे और माना जा रहा है कि पाकिस्तान भी अब मान चुका है कि उसके जरिए समझौता हो पाना संभव नहीं है। वहीं ओमान पहले भी अमेरिका और ईरान के बीच वार्ता के लिए वेन्यू रहा है। यहां तक कि जब अमेरिका और इजरायल की ओर से ईरान पर 28 फरवरी को हमले हुए थे तो ओमान में ही वार्ता चल रही थी। वहीं कुछ जानकारों का मानना है कि पाकिस्तान इस वार्ता को सिर्फ इसलिए आयोजित करना चाहता था ताकि अमेरिका से उसके रिश्ते सुधर जाएं।

## राहुल गांधी का केजरीवाल पर बड़ा हमला

**नई दिल्ली,27 अप्रैल।** पश्चिम बंगाल में जारी विधानसभा चुनावों के बीच कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने हाल ही में शीशमहल का जिक्र कर दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को घेरा है। राहुल गांधी ने कोलकाता में एक रैली को संबोधित करते आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए कहा कि केजरीवाल ने अलग राजनीति का वादा किया था। लेकिन केजरीवाल अपनी छोटी सी गाड़ी से आए और करोड़ो रुपए के 'शीशमहल' में चले गए। बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधने के बाद राहुल गांधी ने रैली को संबोधित करते हुए कहा, "उन्होंने एक नई तरह की राजनीति की बात की थी। मैं राजनीति दूसरी तरह से करूंगा। खंभे पर चढ़ गए थे। लाल रंग का स्वेटर पहना था" । याद है आपको? छोटी सी गाड़ी से आए थे, वैगन R से।" राहुल गांधी ने आगे कहा, "वैगन R में आए और सीधा शीशमहल की पार्किंग लॉट में चले गए।


मां तुझे प्रणाम



स्व. श्रीमती मैना मिश्र

18 वीं पुण्यतिथि पर पुण्य स्मरण

तरुण छत्तीसगढ़ परिवार

मिश्र परिवार


## भारत का चुनाव मॉडल दुनिया के लिए मिसाल, 16 देशों के प्रतिनिधियों ने कहा 'यह है असली लोकतंत्र'

**रायपुर,27 अप्रैल।** भारत निर्वाचन आयोग के अंतर्राष्ट्रीय चुनाव आगंतुक कार्यक्रम 2026 के हिस्से के रूप में, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल (चरण 1) के विधानसभा चुनावों ने वैश्विक ध्यान आकर्षित किया है। इसमें 16 देशों और इंटरनेशनल आईडीईए के 32 अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों ने भारत की चुनावी प्रक्रियाओं के पैमाने, सटीकता और जीवंतता को प्रत्यक्ष रूप से देखा। प्रतिनिधियों ने अपने अनुभव को "लोकतंत्र का सच्चा उत्सव" बताते हुए रिकॉर्ड मतदाता भागीदारी, सूक्ष्म योजना और आयोग द्वारा मतदान के निर्बाध निष्पादन की प्रशंसा की। चेन्नई, तमिलनाडु में एक मतदान केंद्र पर मतदान देखने के बाद, मॉरीशस की उच्चायुक्त महामहिम श्रीमती शीलाबाई बापू ने कहा, "भारत पूरी दुनिया को अनुभव, प्रक्रियाएं और ज्ञान दे रहा है कि इसे कैसे किया जाए। यही लोकतंत्र है, वोट को मतदाता तक लाना।" अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों ने 22-23 अप्रैल को तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल की अपनी दो दिवसीय यात्रा की शुरुआत प्रेषण और वितरण केंद्रों का दौरा करके की। वहां उन्होंने सुव्यवस्थित रसद और स्थापित मानक संचालन प्रक्रियाओं के माध्यम से चुनाव सामग्री के साथ मतदान दलों की व्यवस्थित आवाजाही का अवलोकन किया। सिलीगुड़ी, पश्चिम बंगाल में फिलीपींस की सुश्री मेलिसा ऐन एम. तेलन ने कहा, "आज सुबह मैं प्रेषण केंद्र पर थी और यह देखकर चकित रह गई कि यह कितना जीवंत था... मतदान अधिकारियों को 3-भाग वाली ईवीएम मशीनें प्राप्त हो रही थीं: कंट्रोल यूनिट (CU), बैलेट यूनिट और वीवीपीएटी यह एक अद्भुत अनुभव था... बहुत पारदर्शी और व्यवस्थित।" प्रतिनिधियों ने तमिलनाडु के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के साथ-साथ सिलीगुड़ी, पश्चिम बंगाल में दार्जिलिंग जिले के वरिष्ठ जिला चुनाव अधिकारियों के साथ भी बातचीत की। उन्हें चुनाव के समग्र संचालन और शांतिपूर्ण एवं सुचारू मतदान सुनिश्चित करने के लिए की गई सुरक्षा व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी दी गई। बातचीत के दौरान, प्रतिनिधियों ने मतदान व्यवस्थाओं की सराहना की और विशेष रूप से बुजुर्ग मतदाताओं और दिव्यांगजनों के लिए 'होम वोटिंग' की सुविधा को एक अद्भुत पहल बताया। प्रतिनिधियों ने 100% वेबकास्टिंग की निगरानी के लिए बनाए गए मीडिया/वेबकास्टिंग कंट्रोल रूम का भी दौरा किया और इसे पारदर्शिता के लिए एक महत्वपूर्ण उपाय बताया। मतदान के दिन सुबह प्रतिनिधियों ने मॉक पोल का अवलोकन किया। इसके बाद, उन्होंने मतदान की वास्तविक प्रक्रिया को देखने के लिए चेन्नई (तमिलनाडु) और सिलीगुड़ी एवं कर्सियांग (पश्चिम बंगाल) के विभिन्न मतदान केंद्रों का दौरा किया।उन्होंने मतदान केंद्रों पर रैंप, व्हीलचेयर, स्वयंसेवक और क्रेच (शिशु गृह) सुविधाओं के साथ-साथ महिलाओं और दिव्यांगजनों द्वारा प्रबंधित समर्पित मतदान केंद्रों सहित समावेशी और सुलभ विशेषताओं की सराहना की। सिलीगुड़ी के एक मतदान केंद्र पर नेपाल के प्रतिनिधि श्री यज्ञ प्रसाद भट्टराई ने कहा, "हमने मतदान केंद्रों का अवलोकन किया; सभी मतदान केंद्रों का प्रबंधन बहुत अच्छा और बहुत बढ़िया है।"

# विधायक देवेंद्र यादव ने सुनी जनसमस्याएं, समाधान का दिया भरोसा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 27 अप्रैल।** विधायक देवेंद्र यादव ने क्षेत्रवासियों से भेंट-मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान खुर्सीपार, छावनी, नंदिनी रोड, हुडको तथा सेक्टर-7 और 8 के रहवासियों ने अपनी विभिन्न मांगों और स्थानीय मुद्दों से विधायक को अवगत कराया। मुलाकात के दौरान नागरिकों ने आत्मानंद स्कूल में अधिक से अधिक बच्चों के प्रवेश के लिए सेक्शन बढ़ाने की मांग रखी। साथ ही, प्रतिष्ठित निजी स्कूलों में टाउनशिप के स्टाफ क्वार्टर में रहने वाले परिवारों के बच्चों को राइट टू एजुकेशन एक्ट के तहत प्रवेश के लिए अपात्र बताए जाने का मुद्दा भी उठाया गया। इसके अलावा पेयजल संकट और अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं भी सामने रखी गईं। विधायक देवेंद्र ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित निराकरण उनकी प्राथमिकता है और क्षेत्र के विकास के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। वॉटर एटीएम से जुड़ी मांगों पर भी उन्होंने सकारात्मक रुख दिखाते हुए जल्द प्रभावी कार्रवाई का भरोसा दिलाया। इस दौरान हुडको ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष दानेश्वरी साहू एवं उनकी टीम ने भी विधायक से मुलाकात कर आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी।

## एक नजर

### 88 स्थायी वारंटी गिरफ्तार



**भिलाई, 27 अप्रैल (तछसं.)।** फरार आरोपियों के खिलाफ दुर्ग पुलिस ने कार्रवाई करते हुए विशेष अभियान के तहत महज 24 घंटे में 88 स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार किया है पुलिस प्रवक्ता (एएसपी ) मणिशकर चन्द्रा ने बताया कि सभी राजपत्रितअधिकारियों के नेतृत्व में अलग-अलग टीमों का गठन कर वारंटियों के संभावित ठिकानों और निवासों पर दबिश दी। अभियान के दौरान लगातार तलाश और निगरानी के जरिए फरार आरोपियों को पकड़कर न्यायालयीन प्रक्रिया के तहत कार्रवाई की गई। दुर्ग 3, मोहन नगर 9, अंजोरा 6, नगपुरा 2, पद्मनाभपुर 6, भिलाईनगर 8, भिलाई भट्टी 4, नेवई 1, सुपेला नगर 4, वैशाली नगर 3, छावनी 1, जामुल 7, खुर्सीपार 3, पुरानी भिलाई 4, उतई 5, अमलेश्वर 2, नंदिनी 6 कुल मिलाकर 88 स्थायी वारंटियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की ।

### आत्महत्या का प्रयास



**भिलाई, 27 अप्रैल (तछसं.)।** भिलाई नेवई थाना क्षेत्र के एक युवक आत्महत्या करने के लिए मरोदा ब्रिज से कूद गया? बताया जा रहा है कि उसे गंभीर चोटें आई हैं उसका दुर्ग जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है युवक का नाम कविश तारक (32 साल ) है जो कि धनोरा का रहने वाला है? बताया जा रहा है कि युवक दो वर्षों से मानसिक रोगी है, जिसका इलाज चल रहा है।

### मोटर साइकिल चोरी करने वाले नाबालिग गिरफ्तार



**भिलाई, 27 अप्रैल (तछसं.)।** भिलाई अंजोरा चौकी क्षेत्र के नाबालिग वाहन चोर गिरोह को पुलिस ने पकड़कर उनके कब्जे से चार वाहन जब्त किया है अंजोरा चौकी प्रभारी चंद्रशेखर सोनी ने बताया कि अंजोरा निवासी वंशिक दास ने 12 अप्रैल को अपनी स्प्लेंडर प्रो मोटरसाइकिल चोरी होने की रिपोर्ट चौकी अंजोरा में दर्ज कराई थी मामले की जांच के दौरान 23 अप्रैल को अंजोरा साप्ताहिक बाजार में संदिग्ध गतिविधियों की सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर 5 नाबालिगों को पकड़ा पूछताछ में नाबालिगों ने बिना अनुमति वाहन चलाने के शौक में विभिन्न स्थानों से वाहन चोरी करने और अन्य चोरी की घटनाओं में शामिल होने की बात स्वीकार की है।

### सट्टा पट्टी खिलाए जाने पर दो युवक गिरफ्तार



**भिलाई, 27 अप्रैल (तछसं.)।** छावनी प्रभारी अमित अंदानी ने बताया कि थाना छावनी क्षेत्र अंतर्गत पावर हाउस ओवरब्रिज के नीचे में अवैध रूप से सट्टा पट्टी खिलाए जाने की सूचना मिली। सूचना पर थाना छावनी पुलिस मौके से नजीर अहमद (52 साल ) निवासी नंदिनी रोड, मून बार के पीछे, कैम्प-2 और जाकिर अली (34 साल ) निवासी चटाई क्वार्टर, गायत्री मंदिर के पास, कैम्प-2 को पकड़ा गया आरोपियों ने कागज पर अंकों के सामने रुपये-पैसों का दांव लिखकर अवैध सट्टा संचालित किया जा रहा था मामले में धारा 6 (क) छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपियों को गिरफ्तार किया है ।

### शीतल पेय पदार्थों की हो रही है खूब बिक्री

**कवर्धा, 27 अप्रैल।** सुबह से गन्ना रस की दुकानों में भीड़ दिखती है दस बजे तक होते होते कोल्ड ड्रिंक्स की बिक्री भी तेज होती हुई देखी जाती है । आइस्क्रीम भी छात्र छात्राएं खाते हुए देखे जाते है और लस्सी की भी खूब बिक्री होती है । जोधपुरी होटल पोड़ी में कोल्ड ड्रिंक्स और आइसक्रीम की खूब बिक्री होती हुई देखी जाती है ।

# भाजपा शिक्षा प्रकोष्ठ की संगोष्ठी, नई शिक्षा नीति पर हुआ मंथन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 27 अप्रैल।** भारतीय जनता पार्टी जिला भिलाई के शिक्षा प्रकोष्ठ द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि संयोजक कांतीलाल जैन थे, अध्यक्षता जिला महामंत्री मनीष अग्रवाल ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में बृजमोहन उपाध्याय तथा जे.पी. घनघोरकर उपस्थित रहे। संचालन विनोद उपाध्याय ने किया। इस अवसर पर योगेन्द्र सिंह, अंबिका प्रसाद द्विवेदी, सूर्यकांत पांडेय सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। साथ ही डॉ. अनुराणा, नीता चौरसिया, सोनाली माधवन एवं सरिता चौबे की भी सहभागिता रही। प्रदेश संयोजक के भिलाई आगमन पर शॉल एवं श्रीफल भेंट कर उनका सम्मान किया गया। अपने संबोधन में कांतीलाल जैन ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति को देश के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए इसके प्रमुख पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। अध्यक्षीय उद्बोधन में मनीष अग्रवाल ने कहा कि शिक्षा प्रकोष्ठ संगठन की गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाएगा और विचारधारा को मजबूत करेगा। बृजमोहन उपाध्याय ने नई शिक्षा नीति को संस्कारयुक्त और समावेशी शिक्षा को बढ़ावा देने वाला बताया। जे.पी. घनघोरकर ने शिक्षा प्रकोष्ठ से बड़ी अपेक्षाएं जताईं। विनोद उपाध्याय ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने की रूपरेखा प्रस्तुत की।

# आगजनी की बढ़ती घटनाएं कई जगह मची अफरा-तफरी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 27 अप्रैल।** लगातार बढ़ते तापमान के बीच क्षेत्र में आगजनी की घटनाओं में इजाफा देखने को मिल रहा है। भीषण गर्मी से जहां लोग पहले ही परेशान हैं, वहीं अलग-अलग स्थानों से आग लगने की घटनाओं ने चिंता बढ़ा दी है। आज सोमवार पूर्वाह्न करीब 11 बजे आकाशगंगा भिलाई स्थित हिमालय कॉम्प्लेक्स के सामने एक पाव-भाजी सेंटर में अचानक आग लग गई। घटना के समय दुकान में ग्राहक मौजूद थे, जिससे अफरा-तफरी मच गई। आग तेजी से फैलने लगी और मौके पर आग बुझाने की पर्याप्त व्यवस्था नहीं थी। आसपास के दुकानदारों ने अपने संसाधनों से आग पर काबू पाया, जिससे एक बड़ी दुर्घटना टल गई।वहीं, बीती रात भी क्षेत्र में आग लगने की चार से अधिक घटनाएं सामने आईं। कुम्हारी के वार्ड-15 स्थित एक पुराने पुट्ठा गोदाम में भीषण आग लग गई, जिसे बुझाने में दमकल विभाग को करीब 6 घंटे तक मशक्कत करनी पड़ी। आग गोदाम के पिछले हिस्से में रखे कागज और मालवाहक वाहनों तक फैल गई थी। दमकल की दो गाड़ियों ने सुबह करीब 4 बजे से लगातार प्रयास कर आग पर काबू पाया। मौके पर पुलिस भी तैनात रही। इसके अलावा जेवरा सिरसा थाना क्षेत्र के ग्राम बासिन में एक ट्रक में आग लगने की घटना सामने आई। वहीं कुटेलाभाठा न्यायालय के पास एक पेड़ में भी आग लग गई। कुछ स्थानों पर बिजली ट्रांसफार्मरों में आग लगने की खबरें भी मिली हैं । लगातार सामने आ रही इन घटनाओं को देखते हुए प्रशासन और नागरिकों को सतर्क रहने की जरूरत है, खासकर भीषण गर्मी के इस दौर में आग से बचाव के इंतजाम सुनिश्चित करने की आवश्यकता महसूस की जा रही है।

### श्रमिक आंदोलनों को दुर्भावनापूर्ण बताना असंवैधानिक: एआईटीयूसी

**भिलाई, 27 अप्रैल।** एआईटीयूसी ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के एक कथित बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे मजदूर विरोधी और चिंताजनक बताया है। संगठन ने कहा कि मजदूर वर्ग की लोकतांत्रिक अभिव्यक्तियों को किसी भी हाल में दबाया नहीं जा सकता। एआईटीयूसी की महासचिव अमरजीत कौर ने चेतावनी देते हुए कहा कि मजदूरों और ट्रेड यूनियनों के खिलाफ किसी भी प्रकार की जबरदस्ती या दमन का विरोध किया जाएगा। उन्होंने सभी लोकतांत्रिक संगठनों और श्रमिकों से एकजुट होकर ऐसे प्रयासों के खिलाफ आवाज उठाने का आह्वान किया। संगठन ने यह भी आरोप लगाया कि वर्तमान समय में विभिन्न राज्यों के औद्योगिक प्रतिष्ठानों में ठेका मजदूर न्यूनतम मजदूरी, नौकरी की सुरक्षा और बेहतर कार्य परिस्थितियों की मांग को लेकर आंदोलनरत हैं।

# सुपेला संडे बाजार में निगम-पुलिस की बड़ी कार्रवाई



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 27 अप्रैल।** नगर निगम ने सुपेला स्थित संडे बाजार में यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने और सड़क पर हो रहे अतिक्रमण को हटाने के लिए व्यापक अभियान चलाया। इस दौरान छत्तीसगढ़ पुलिस के सहयोग से संयुक्त कार्रवाई करते हुए सड़क बाधित करने वाले व्यवसायियों के खिलाफ सख्ती बरती गई। कार्रवाई के दौरान आवागमन में बाधा उत्पन्न करने वाले 7 प्रमुख व्यवसायियों पर 500-500 रुपये का आर्थिक दंड लगाया गया। इस तरह कुल 3,500 रुपये की जुर्माना राशि वसूली गई। जिन लोगों पर कार्रवाई की गई उनमें दिलदार फुट वियर, मनोज सोनकर, मोहम्मद अली, जेश रेडीमेड, जुनेद रेडीमेड, जुबेद रेडीमेड और मोहम्मद राज शामिल हैं। निगम की टीम ने इस दौरान विद्युत खंभों और डिवाइडरों पर लगे अवैध बैनर-पोस्टर भी हटाए। सड़क पर रखे गए सामानों को जब्त किया गया और व्यापारियों को सख्त निर्देश दिए गए कि वे निर्धारित सीमा के भीतर ही व्यवसाय करें।

### रिकॉर्ड तोड़ गर्मी का कहर, कई इलाकों में लू और गरज-चमक की चेतावनी

**भिलाई, 27 अप्रैल।** शहर में भीषण गर्मी का असर फिलहाल कम होने के आसार नहीं हैं। मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन दिनों तक अधिकतम तापमान में कोई विशेष बदलाव नहीं होगा, जबकि इसके बाद 1 से 3 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट संभव है। मध्य छत्तीसगढ़ के कुछ क्षेत्रों में आगामी तीन दिनों तक एक-दो स्थानों पर ग्रीष्म लहर यानी लू चलने की संभावना जताई गई है। इसके साथ ही, पूर्वी उत्तर प्रदेश और आसपास के इलाकों में समुद्र तल से करीब 1.5 किलोमीटर ऊपर बना चक्रवाती परिसंचरण क्षेत्र के मौसम को प्रभावित कर रहा है। एक-दो स्थानों पर बहुत हल्की बारिश हो सकती है। वहीं, गरज-चमक के साथ वज्रपात और 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की भी संभावना है। मौसम विभाग ने कुछ स्थानों पर लू चलने और उष्ण रात्रि की स्थिति बनने की चेतावनी जारी की है। अगले दो दिनों में भी प्रदेश के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश, गरज-चमक और तेज हवाओं का दौर जारी रह सकता है, जबकि कुछ क्षेत्रों में लू का प्रभाव बना रहेगा।

# महिला महाविद्यालय को मिला बेस्ट कॉलेज अवॉर्ड



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 27 अप्रैल।** महिला महाविद्यालय सेक्टर-9 को हेमचंद यादव विश्वविद्यालय द्वारा बेस्ट कॉलेज अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है।प्राचार्या प्रतिभा छाया क्लॉडियस ने यह सम्मान ग्रहण किया। उन्हें प्रशस्ति-पत्र, मेडल और 25 हजार की राशि प्रदान की गई। इस अवसर पर कुलपति डॉ. संजय तिवारी, रजिस्ट्रार डॉ. भूपेंद्र कुलदीप, पूर्व कुलपति डॉ. अरुणा पल्टा तथा डॉ. एस. के. गौतम उपस्थित रहे। इस उपलब्धि पर भिलाई एजुकेशन ट्रस्ट के मैनेजिंग ट्रस्टी विजय कुमार गुप्ता, चेयरमैन अरविंद जैन, ट्रस्टी वीनू जैन, मनीष गुप्ता, के. पटेल एवं सेक्रेटरी सुरेंद्र गुप्ता ने हर्ष व्यक्त किया। प्राचार्या ने इस सफलता का श्रेय शिक्षकों, कर्मचारियों, छात्राओं और अभिभावकों को दिया।

# बारात से लौट रही बस अचानक पलटी, हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दुर्ग, 27 अप्रैल।** दुर्ग जिले में देर रात एक बड़ा सड़क हादसा हो गया बारात से लौट रही एक बस अचानक अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतर गई और पलट गई यह घटना बोरी थाना क्षेत्र के ग्राम हिर्री के पास दुर्ग-जालबांधा मुख्य मार्ग पर हुई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। बस में 30 से ज्यादा बाराती सवार थे, जिनमें से कई लोग अपनी सीट से उछलकर घायल हो गए यह बस ग्राम मड़ियापार से बारात लेकर दुर्ग के तितुरडीह लौट रही थी। टर्निंग के पास तेज रफ्तार बस का अचानक संतुलन बिगड़ गया देखते ही देखते चालक बस पर काबू नहीं रख सका और बस सड़क से नीचे जा गिरी हादसे के बाद यात्रियों में चीख-पुकार मच गई आसपास के ग्रामीणों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर राहत कार्य शुरू किया 19 घायल, 2 की हालत गंभीर इस दुर्घटना में करीब 19 लोग घायल हुए हैं इन में से 17 लोगों को हल्की चोटें आई हैं, जबकि एक बुजुर्ग और एक छोटे बच्चे की हालत गंभीर बताई जा रही है। गंभीर रूप से घायल दोनों को पहले जिला अस्पताल दुर्ग ले जाया गया मौके पर पहुंची एंबुलेंस घटना की सूचना मिलते ही बोरी थाना पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया राहत और बचाव कार्य देर रात तक चलता रहा हादसे के बाद सड़क पर कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित हुआ दुर्ग डीआईजी विजय अग्रवाल मौके पर पहुंचे फिलहाल हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

## समाचार संक्षेप

### जिला अस्पताल में निःशुल्क कैंसर जांच शिविर में हुई 25 मरीजों की जांच

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 27 अप्रैल।** उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा के निर्देशानुसार जिला अस्पताल कवर्धा में प्रतिमाह आयोजित किए जा रहे निःशुल्क कैंसर जांच एवं परामर्श शिविर की कड़ी में शुक्रवार को विशेष शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें नया रायपुर स्थित बालको मेडिकल सेंटर के विशेषज्ञ डॉ. पुष्पेंद्र जाटव एवं चिकित्सकों की टीम ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं।शिविर में जिले के अलग अलग विकासखंडों से पहुंचे मरीजों ने अपनी जांच करवाई। इस दौरान कुल 25 मरीजों की जांच की गई, जिनमें 13 पुरुष एवं 12 महिलाएं शामिल थीं। जिसमें मेमोग्राफी मशीन के माध्यम से स्तन जांच, मुख कैंसर की जांच (ब्रश साइटोलॉजी) तथा गर्भाशय ग्रीवा कैंसर की जांच (पैप स्मीयर) जैसी सुविधाएं मरीजों को उपलब्ध कराई गईं। जांच के दौरान 5 मरीज संभावित रूप से पॉजिटिव पाए गए। जिन्हें आगे की उपचार प्रक्रिया से जोड़ा गया।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. देवेंद्र तूरे ने बताया कि शिविर में संभावित कैंसर मरीजों की पहचान कर उन्हें उचित उपचार एवं नियमित फॉलोअप से जोड़ा गया। विशेषज्ञ चिकित्सकों ने आमजन को कैंसर के लक्षणों के प्रति जागरूक करते हुए बताया कि स्तन में गांठ, मुंह में अल्सर, लगातार खांसी, अत्यधिक थकान, वजन में कमी, खून की कमी, गले में गांठ, निगलने में कठिनाई एवं असामान्य रक्तस्राव जैसे लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। शिविर का मुख्य उद्देश्य जनसमुदाय में कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाते हुए समय पर जांच के माध्यम से रोग की रोकथाम सुनिश्चित करना रहा।

### मुड़पार में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**उतई 27 अप्रैल।** संगठन सूजन अभियान के ब्लाक कांग्रेस कमेटी अहिवारा ग्रामीण के अंतर्गत नारधा, मुड़पार में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई जिसमें क्षेत्रीय संगठन को मजबूत बनाने एवं बुथ स्तर पर कमेटियों के गठन को लेकर चर्चा कर किया गया। इस अवसर पर ब्लाक अध्यक्ष श्री उमेश साहु, उपाध्यक्ष जगदीश मारकंडेय , कार्यकारिणी अध्यक्ष नारधा मंडल नरेश कुमार कुर्रे, दानेशवर चंदेल, विष्णु मधुकर,भुवन गायकवाड़,जनक सेन , केशव, राजेश,मानदास,, प्रमिला देशलहरा,राम, एवं कांग्रेस कार्यकर्ता गण उपस्थित थे ।

### मन की बात के 133 वें संस्करण को लोगों ने सुना

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**उतई 27 अप्रैल।** ग्राम करगाडीह में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने मन की बात के 133 वें संस्करण में राष्ट्र को संबोधित किया इस कड़ी में मुख्य रूप से पवन ऊर्जा और सोलर ऊर्जा देश की संस्कृतिक विरासत और आने वाले डिजिटल जनगणना के बारे में बात की गई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से युवा मोर्चा अध्यक्ष करण कुमार सेन, राजकुमार साहू, हेमंत साहू, टेकनरायण साहू,साशिकांता साहू,सुकचंद यादव ग्रामीण लोग उपस्थित रहे।

### सुबह सात बजे से 11 बजे तक संचालित होंगे आंगनबाड़ी केंद्र , बच्चों की उपस्थिति 9 बजे तक ही होगी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 27 अप्रैल।** पूरे प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी को देखते हुए राज्य शासन द्वारा प्रदेश के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन के समय में आवश्यक परिवर्तन किए गए हैं। विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार 30 जून 2026 तक आंगनबाड़ी केंद्र अब प्रातः 7:00 बजे से 11:00 बजे तक संचालित होंगे, लेकिन बच्चों की उपस्थिति प्रातः 7:00 बजे से केवल 9:00 बजे तक ही होगी।एकीकृत बाल विकास सेवा योजना से संबंधित आदेशों में कहा गया है कि बच्चों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए यह निर्णय लिया गया है। तेज गर्मी के जोखिम को देखते हुए बच्चों की उपस्थिति का समय केवल प्रातः 7:00 बजे से 9:00 बजे तक निश्चित किया गया है। इस अवधि में बच्चों को स्कूल-पूर्व शिक्षा, पूरक पोषण तथा अन्य गतिविधियाँ नियमित रूप से उपलब्ध कराई जाएँगी।

### मूर्तिकार अंकुश की कला को मिला वैश्विक मंच



**भिलाई, 27 अप्रैल।** सुप्रसिद्ध मूर्तिकार डॉ. अंकुश देवांगन की मूर्तिशिल्प कला पर नागपुर के अंतरराष्ट्रीय साहित्यकार ओमप्रकाश शिव द्वारा विशिष्ट पुस्तिका विशेषांक तैयार किया गया है। अंकुश देवांगन की इस कला उपलब्धि पर छत्तीसगढ़ के ललित कला समूह से जुड़े प्रख्यात मॉडर्न आर्ट चित्रकार डी.एस. विद्यार्थी, बी.एल. सोनी, मीना देवांगन, प्रवीण कालमेघ, विजय शर्मा, तरुण धोटे तथा साहित्यकार मेनका वर्मा सहित अनेक कलाकारों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

## एक नजर

### वन मंत्री केदार कश्यप ने दहिकोंगा तेंदूपत्ता फड़ का किया निरीक्षण

रायपुर, 27 अप्रैल। वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री केदार कश्यप ने आज रविवार को कोंडागांव जिले के दहिकोंगा स्थित तेंदूपत्ता फड़ का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने तेंदूपत्ता की गुणवत्ता देखी और संग्राहकों को हो रहे ऑनलाइन भुगतान की व्यवस्था की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान मंत्री श्री कश्यप ने दो संग्राहकों के मोबाइल में स्वयं ऑनलाइन एंट्री कर भुगतान प्रक्रिया को पूरा कराया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार तेंदूपत्ता संग्राहकों को पारदर्शी और समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के लिए डिजिटल व्यवस्था को बढ़ावा दे रही है। वन मंत्री ने संग्राहकों से सीधे संवाद कर उन्हें तेंदूपत्ता तिहार की बधाई और शुभकामनाएं दीं तथा शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि तेंदूपत्ता संग्रहण से जुड़े श्रमिकों की आय बढ़ाने और उनकी सुविधाओं में सुधार के लिए राज्य सरकार लगातार प्रयास कर रही है। इस अवसर पर कोंडागांव के वन मंडलाधिकारी श्री चूड़ामणि सिंह, संयुक्त वन मंडलाधिकारी डॉ. आशीष कोटरिवार, परिक्षेत्र अधिकारी कोंडागांव, परिक्षेत्र अधिकारी दहिकोंगा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### छत्तीसगढ़ की बेटी शिवानी सोनी ने रचा इतिहास



रायपुर, 27 अप्रैल। अम्बिकापुर की प्रतिभाशाली गोल्फ खिलाड़ी शिवानी सोनी ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करते हुए एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। सर्वाधिक अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट्स में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली छत्तीसगढ़ की पहली महिला खिलाड़ी के रूप में शिवानी को 'इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड्स' द्वारा सम्मानित किया गया है। उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने उनसे भेंट कर उन्हें बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि जब बेटियाँ अपनी मेहनत और प्रतिभा से सफलता के नए आयाम स्थापित करती हैं, तो पूरा समाज गर्व महसूस करता है। शिवानी सोनी की उपलब्धि न केवल युवाओं, विशेषकर बेटियों के लिए प्रेरणास्रोत है, बल्कि यह छत्तीसगढ़ की खेल प्रतिभा का वैश्विक मंच पर सशक्त प्रमाण भी है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत है और ऐसे खिलाड़ियों को हरसंभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर शिवानी सोनी ने भी मंत्री श्री अग्रवाल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें प्रदेश और देश का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलना गर्व की बात है और वह आगे भी बेहतर प्रदर्शन कर देश का नाम रोशन करने के लिए पूरी मेहनत करेंगी। शिवानी की इस उपलब्धि से अम्बिकापुर सहित पूरे प्रदेश में खुशी और गर्व का माहौल है तथा यह सफलता आने वाली पीढ़ियों को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी।

### मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना से सुगम हुआ सिधमा का सफर: यात्री अरुण




रायपुर, 27 अप्रैल। छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय सरकार द्वारा शुरू की गई 'मुख्यमंत्री ग्रामीण बस सुविधा योजना' सुदूर और नक्सल प्रभावित ग्रामीण क्षेत्रों को जिला मुख्यालयों से जोड़ने की एक पहल है। सुदूर अंचलों में सुगम, सुरक्षित और सस्ती सार्वजनिक परिवहन सुविधा उपलब्ध कराना।प्रदेश सरकार की 'मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना' सरगुजा जिले के दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले ग्रामीणों के लिए एक बड़ी राहत बनकर उभरी है। इस योजना के विस्तार से ग्रामीणों की आवागमन संबंधी बरसों पुरानी समस्या का स्थायी समाधान हो गया है, जिससे न केवल समय की बचत हो रही है, बल्कि दैनिक यात्रियों के लिए राहें भी सुगम हुई हैं। जिले के लूण्ड्रा विकासखंड के ग्राम सिधमा के निवासी अरुण कुमार बताते हैं कि पहले उनके गाँव में बस की सुविधा उपलब्ध नहीं थी। काम के सिलसिले में प्रतिदिन अंबिकापुर आने-जाने के लिए उन्हें भारी मशक्कत करनी पड़ती थी। अरुण बताते हैं, पहले बस नहीं चलती थी, तो उन्हें 4-5 किलोमीटर तक पैदल चलकर मुख्य मार्ग तक जाना पड़ता था, तब जाकर कहीं बस मिलती थी। इससे काफी थकान होती थी और समय भी बहुत बर्बाद होता था। मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना के तहत ग्राम सिधमा तक बस सेवा का परिचालन प्रारंभ होने से अब अरुण जैसे सैकड़ों ग्रामीणों को उनके गाँव से ही सीधे परिवहन की सुविधा मिल रही है। अब उन्हें पैदल चलने की मजबूरी से मुक्ति मिल गई है। अरुण ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि अब उन्हें काम पर आने-जाने में कोई परेशानी नहीं होती और वे सुरक्षित एवं समय पर अपने गंतव्य तक पहुँच पा रहे हैं। ग्रामीण अंचलों में बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करने की इस पहल से ग्रामीणों में उत्साह का माहौल है। अरुण ने इस महत्वपूर्ण सुविधा के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा, मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना शुरू होने से हमारे पूरे गाँव को बहुत बड़ी सुविधा मिली है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में जिले के विभिन्न ग्रामीण रूटों पर बसों का सुचारू संचालन किया जा रहा है, ताकि शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के लिए ग्रामीणों को शहर तक पहुँचने की सुविधा उपलब्ध हो।

# सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक वीडियो पोस्ट करने वाले के विरुद्ध कार्यवाही को लेकर कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




डोंगरगढ़ 27 अप्रैल। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता के संबंध में आपत्तिजनक एवं तथ्याहीन एआई जनरेटेड वीडियो पोस्ट करने वाले इंस्टाग्राम आईडी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर कड़ी कार्रवाई एवं आईडी बैन कराने को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने थाने में पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर @congress_polkhol नामक आईडी द्वारा आपत्तिजनक, भ्रामक एवं एआई जनरेटेड वीडियो पोस्ट किया गया है, जिसे @randomchhattisgarh नामक आईडी के साथ मिलकर व्यापक रूप से प्रसारित किया जा रहा है। उस वीडियो में कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव, पंजाब कांग्रेस प्रभारी, पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान विधायक जन-जन के लोकप्रिय भूपेश बघेल के संबंध में असत्य, भ्रामक एवं चरित्र हनन करने वाली सामग्री प्रस्तुत की गई है। यह केवल व्यक्तिगत छवि को धूमिल करने का सुनियोजित प्रयास है, बल्कि सामाजिक वैमनस्य फैलाने, राजनीतिक दुर्भावना प्रेरित वातावरण के आम जनमानस को गुमराह करने की साजिश भी प्रतीत होता है। इस प्रकार की आपत्तिजनक सामग्री कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं आम जनता में भारी आक्रोश व्याप्त है। उक्त इंस्टाग्राम आईडी के संचालकों के विरुद्ध तत्काल एफआईआर दर्ज की जाए।

संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध आईटी एक्ट एवं अन्य प्रासंगिक धाराओं के तहत तत्काल गिरफ्तार कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। उक्त आपत्तिजनक वीडियो को तत्काल हटाकर संबंधित इंस्टाग्राम आईडी को स्थायी रूप से बैन कराया जाए। भविष्य में इस प्रकार के फेक एवं एआई जनरेटेड आपत्तिजनक सामग्री के प्रसार पर रोक लगाने हेतु कड़े कदम उठाए जाएं। यदि इस गंभीर मामले में शीघ्र कार्रवाई नहीं की जाती है, तो कांग्रेस कार्यकर्ता एवं आम जन आंदोलन के लिए बाध्य होंगे, जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। जनभावनाओं का सम्मान करते हुए तत्काल कठोर कार्रवाई करने की मांग की गई है। इस अवसर पर विजय राज सिंह चौहान, इंद्रपाल सिंह राजा, प्रकाश महानदी, दिनेश साखरे, कृष्णा गुप्ता, के विनायक राव,नितेश लारोकर, अरुण ग्वाला, पंकज सोनी, आकाश सिंह राजपूत सहित कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गौ माता की रक्षा के लिए पहले चरण का आंदोलन बड़ी संख्या में गौभक्त करेंगे प्रदर्शन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



डोंगरगढ़ 27 अप्रैल। गौ माता की रक्षा के लिए गौसम्मान आवाहन अभियान के अंतर्गत पहला आंदोलन 27 अप्रैल सोमवार को शांतिपूर्ण ढंग से किया जाएगा इसके लिए नीचे बमलेश्वरी मंदिर में गौसेवकों की बैठक हुई जिसमें बमलेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल के नेतृत्व में आयोजित बैठक में गौ सेवा के लिए आगे आने तथा सरकार को मजबूर करने का आवाहन उन्होंने किया।श्री अग्रवाल ने कहा कि हमें अब निर्णायक लड़ाई लड़नी होगी सभी गौभक्त सुबह 10 बजे तक महावीर मंदिर प्रांगण में एकत्र होंगे। वहां से हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन की पांच कॉपी लेकर गौ सम्मान में नारेबाजी करते हुए तहसील कार्यालय पहुंचेंगे। ठीक सुबह 11 बजे अनुविभागीय अधिकारी को राष्ट्रपति प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। इस हेतु उन्होंने क्षेत्र के सभी गौभक्तों से अधिक से अधिक संख्या में एकत्र होकर गौ माता की रक्षा के लिए आगे आने की अपील की है। बैठक में विश्वनाथ यादव वीरेंद्र अग्रवाल प्रकाश यादव गोपाल खेमूका हनी गुप्ता सहित अन्य लोगों ने भी अपने विचार व्यक्त किये। हनी गुप्ता ने बताया कि बड़ी संख्या में गौ सेवक घर-घर जाकर जन जागरण अभियान कर रहे हैं तथा हस्ताक्षर अभियान भी जोरों पर है हजारों की संख्या में हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन सोमवार को सौप जाएगा।

क्या है आंदोलन---- बैठक में गौ सम्मान आवाहन अभियान के अंतर्गत चल रहे कार्यक्रम की रूपरेखा का विस्तृत वर्णन करते हुए गौ माता की रक्षा के लिए केंद्र सरकार से अनुनय विनय करने सहित आंदोलन की पूरी रूपरेखा विस्तार पूर्वक बताई। बताया कि भारतीय परंपराओं के समस्त आराध्य देवी देवता गौ माता के शरीर में वास करते हैं केंद्र सरकार सहित देश की सभी राज्य सरकारों से और भारतीय संस्कृति के हित में संविधान के दायरे में रहकर अहिंसक तरीके से प्रार्थना कर गौ माता को उचित अनुसंधान और अनुदान मिले भारत से गौ हत्या पूरी तरह से समाप्त हो राष्ट्र देव राष्ट्र आराध्या राष्ट्र धरोहर एवं गौ माता राष्ट्र आधार का बने इसी संकल्प को लेकर आगामी 27 अप्रैल 27 जुलाई एवं 27 फरवरी 2027 को भारत के सभी तहसील ब्लाक अनुमंडल व जिला कार्यालय में अहिंसक तरीके से गोप्रेमी तहसीलदार ब्लॉक अधिकारी अनुमंडल अधिकारी व जिला कलेक्टर के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति प्रधानमंत्री राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम हस्ताक्षर सहित ज्ञापन विनय पत्र सौंपेंगे। जिसका मुख्य आधार गौ माता को राष्ट्रमाता गौ सेवा हेतु केंद्रीय कानून बनाने एवं भारतवर्ष में गौ हत्या पूरी तरह से समाप्त करने हेतु विनय करेंगे ज्ञापन सौंपेंगे। उन्होंने गौसेवकों से इस अभियान में जुट जाने तथा गांव-गांव जाकर टीम तैयार कर 27 अप्रैल सोमवार को गौ भक्तों एवं संतों के साथ मिलकर तहसील एवं ब्लॉक मुख्यालय में राष्ट्रपति प्रधानमंत्री राज्यपाल व मुख्यमंत्री के नाम प्रार्थना पत्र देने का आवाहन किया। इसके पश्चात ढाई माह बाद 27 जुलाई सोमवार को प्रत्येक जिला केंद्र में जाकर जिलाधीश के माध्यम से सरकार को विनय पत्र ज्ञापन सौंपेंगे।

इसी प्रकार 27 अक्टूबर मंगलवार को प्रदेश की राजधानी में पहुंचकर पुनः प्रार्थना पत्र सौंपेंगे। सरकार द्वारा 26 जनवरी 2027 तक सकारात्मक कार्य नहीं होने पर 36 प्रांत के 780 जिलों में 5000 तहसीलों के नियुक्त किए गए सभी गोभक्त 27 फरवरी शनिवार को राष्ट्र की राजधानी दिल्ली पहुंचकर शांतिपूर्वक तरीके से संकीर्तन करते हुए केंद्र सरकार से नियमित पत्र लेखन के माध्यम से आवाहन करेंगे। इस संकीर्तन सभा में देश के प्रत्येक जिले से सात सात दिन का समय लेकर अलग-अलग तिथियों पर अलग-अलग गो प्रेमी संत तथा कार्यकर्ता शामिल होंगे। साढे पांच माह संकीर्तन सहित प्रार्थना और प्रतीक्षा करने पर 15 अगस्त 2027 को प्रधानमंत्री जी लाल किले से गौ सेवक गौ रक्षक और गौ सम्मानार्थ उचित समाधान देने पर सरकार का धन्यवाद देकर लौट जाएंगे और यदि सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई तो 16 अगस्त 27 सोमवार से पांच गौ भक्त और संत आमरण अनशन पर बैठेंगे अनशन में एक किसी गौ सेवक के प्राण जाने पर उसकी जगह दूसरे गौ प्रेमी संत भक्त आवरण अनशन पर बैठेंगे और यह कम तब तक जारी रहेगा जब तक गौ सेवा गौ सुरक्षा और गौसम्मान नहीं मिल जाता। बैठक में मनोज अग्रवाल बबलू शांडिल्य विश्वनाथ यादव गोपाल खेमुका प्रकाश यादव शुभम परिहार अजय ठाकुर लक्ष्मी चंदगुनी वीरेंद्र अग्रवाल नंदकिशोर अग्रवाल ऋषभ ढाका बालमुकुंद तराने सतीश यादव हीरालाल मौर्य सत्यदेव साहू बैठक में उपस्थित रहे। हस्ताक्षर अभियान में रितेश सक्सेना बालमुकुंद तराने सुब्रतो राय चंद महानंद गणेश साहू अभिषेक साहू हिमांशु गुप्ता हनी गुप्ता त्रिलोक मालेकर कुश मालेकर संजू चैरसिया कौशल महोबिया के द्वारा प्रति दिन हस्तक्षर अभियान चलाया जा रहा है क्षेत्र के सभी गौप्रेमी सहित बड़ी संख्या मैं युवा भी शामिल हो रहे हैं।

## खाद्य पदार्थों एवं दवाइयों की गुणवत्ता परखने पखवाड़े भर चलेगा सघन जांच अभियान

■ खाद्य सुरक्षा, राजस्व एवं पुलिस क़ी संयुक्त टीम गठित, जांच शुरू ठेले से लेकर बड़े प्रतिष्ठनों में दी जाएगी दबिश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार 27 अप्रैल। जिले के नागरिकों को सुरक्षित एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य एवं औषधि उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 27 अप्रैल से 11 मई तक 15 दिवसीय सघन जांच अभियान संचालित किया जाएगा है। यह अभियान ÷सही दवा शुद्ध आहार, यही छत्तीसगढ़ का आधार÷ थीम के अंतर्गत संचालित किया जाएगा। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने सघन जांच अभियान हेतु खाद्य एवं औषधि प्रशासन, राजस्व तथा पुलिस क़ी संयुक्त टीम गठित किया है। खाद्य पदार्थो एवं औषधि क़ी जांच हेतु दो अलग -अलग टीम गठित है। इसके साथ ही मॉनिटरिंग के लिये अपर कलेक्टर निशा नेताम मड़ावी को नोडल अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर रजनी छड़ीमली को सहायक नोडल अधिकारी बनाया है। सघन जांच अभियान के दौरान तहसीलवार प्रतिदिन दोनों जांच टीम जिलेभर में जांच क़ी कार्यवाही करंगे। खाद पदार्थ जांच टीम के द्वारा चाट, गुपचुप सेंटर्स स्ट्रीटवेंडर्स, गन्नारस, साफ्ट ड्रिक्स, आईसक्रीम, जूस सेंटर्स,डेयरी प्रोडक्ट, दूध, दही, पनीर, लस्सी, छाछ आदि विक्रेता फर्म, स्वीट शॉप, स्वीट मैन्यूफैक्करिंग प्रोसेसिंग यूनिट,होटल, रेस्टोरेंट,केक एवं अन्य बेकरी प्रोडक्ट, मिड-डे-मिल सेंटर्स, हॉस्पिटल केन्टीन, पैकेज ड्रिकिंग वाटर,कन्फेक्शनरी प्रतिष्ठान,ढाबा,फल एवं सब्जी विक्रेता,पेप्सी, आईसकैंडी, आईसगोला विक्रेता प्रतिष्ठानों की जांच क़ी जाएगी। इसके साथ ही औषधि जांच टीम के द्वारा मार्केट से फास्टमुविंग कॉस्मेटिक की जानकारी एवं कॉस्मेटिक एजेंसियों का निरीक्षण, थोक औषधि विक्रय परिसरों की जांच,खुदरा औषधि विकय परिसरों की जांच,ग्रामीण अंचलों में प्रसाधन सामग्री विकय परिसरों की जांच,कोल्डचेन एवं वैक्सीन स्टोरेज परिसर, अस्पतालों एवं अस्पतालों से जुड़े फर्मेसी,वैक्सीन एजेंसियों के वैक्सीन संधारण एवं कोल्ड चैन,शासकीय परिसरों में वैक्सीन संधारण एवं कोल्ड चैन, स्वापक औषधियों के थोक विक्रेताओं की जांच,सावर्जनिक स्थलों पर कोटपा अधिनियम के तहत कार्यवाही एवं जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

## प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना से गंगाधर नेताम बने सफल मत्स्य उद्यमी

रायपुर, 27 अप्रैल। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से कोंडागांव जिले में मत्स्य पालन क्षेत्र के समग्र विकास को बढ़ावा दिया जा रहा है। इस योजना का उद्देश्य मत्स्य संसाधनों का संतुलित एवं समावेशी उपयोग सुनिश्चित करते हुए मछुआरों और मछली पालकों की आय में वृद्धि करना है। योजना के तहत भूमि एवं जल संसाधनों का बेहतर उपयोग कर मत्स्य उत्पादन और उत्पादकता बढ़ाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। साथ ही मत्स्य उत्पादों के लिए बेहतर बाजार उपलब्ध कराने के प्रयास भी किए जा रहे हैं। मत्स्य संपदा योजना का लाभ उठाकर जिले के ग्राम सातगांव के श्री गंगाधर नेताम आधुनिक तकनीकों के माध्यम से मत्स्य पालन कर अपनी अलग पहचान बना रहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत पोंड लाइनर तकनीक से तालाब का निर्माण कराया है। इस पर कुल 14 लाख रुपये की लागत आई, जिसमें उन्हें 8 लाख रुपये का अनुदान प्राप्त हुआ। इस तकनीक की मदद से वे कम स्थान में अधिक उत्पादन कर बेहतर आय अर्जित कर रहे हैं।उन्होंने बताया कि साल के दो सीजन में लगभग 35 क्विंटल तक मछली का उत्पादन होता है। जिससे सालाना लगभग 03 से 04 लाख रुपए तक की आय प्राप्त कर रहे हैं। गंगाधर नेताम ने बताया कि विभाग द्वारा योजना के लाभ के साथ साथ विभागीय अधिकारियों द्वारा सतत तकनीकी मार्गदर्शन भी मिला। जिससे उन्हें मछली पालन के कार्यों को आगे बढ़ाने में मदद मिली। गंगाधर जैसे कई किसान इस योजना के माध्यम से मत्स्य पालन के क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलता हासिल कर आर्थिक रूप से सशक्त बन रहे हैं। पोंड लाइनर तकनीक एक आधुनिक विधि है, जिसमें तालाब या जलाशय के तल और किनारों पर विशेष प्लास्टिक शीट बिछाई जाती है। इसका मुख्य उद्देश्य पानी के रिसाव को रोकना और जल का संरक्षण करना है। यह तकनीक मत्स्य पालन, कृषि सिंचाई और वर्षा जल संचयन के लिए अत्यंत उपयोगी साबित हो रही है। लाइनर के उपयोग से पानी का रिसाव लगभग पूरी तरह रुक जाता है, जिससे कम पानी में भी लंबे समय तक उपयोग संभव होता है।

केन्द्रीय युवा कार्य और खेल मंत्रालय जल्दी ही युवा मामलों पर भी आयोजित करेगा विशेष चिंतन शिविर

# मजबूत खेल व्यवस्था से ही ओलंपिक में सफलता संभव : अरुण साव



रायपुर,27 अप्रैल। केन्द्रीय युवा कार्य और खेल मंत्रालय द्वारा श्रीनगर में आयोजित खेल चिंतन शिविर के दूसरे दिन आज उप मुख्यमंत्री तथा खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री अरुण साव ने 'गुड गवर्नेंस इन स्पोर्ट्स' पर आयोजित सत्र की अध्यक्षता की। उन्होंने इस दौरान छत्तीसगढ़ की खेल योजनाओं एवं भविष्य की रणनीतियों पर बेस्ट प्रेक्टिसेस पर आधारित वीडियो प्रेजेंटेशन भी दिया। श्री साव ने विभिन्न राज्यों से आए खेल मंत्रियों एवं अधिकारियों के समक्ष छत्तीसगढ़ में खेलों और खिलाड़ियों के विकास के लिए लागू बेस्ट गवर्नेंस प्रेक्टिसेस को विस्तार से साझा किया। उन्होंने विभिन्न राज्यों से सुझाव भी प्राप्त किए। चिंतन शिविर में शामिल अलग-अलग राज्यों के प्रतिनिधियों ने छत्तीसगढ़ की भावी योजनाओं की सराहना करते हुए इसे एक प्रभावी मॉडल बताया।


उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने राष्ट्रीय खेल चिंतन शिविर के दौरान दो दिनों तक विभिन्न राज्यों के खेल मंत्रियों एवं अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों से संवाद कर महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। उन्होंने खेलों को बढ़ावा देने की अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता को दोहराते हुए छत्तीसगढ़ में बेहतर खेल अवसंरचना, प्रतिभा संवर्धन एवं खिलाड़ियों को अधिक अवसर प्रदान करने पर जोर दिया।

श्री साव ने कहा कि प्रतिभा, पारदर्शिता और अवसर से ही भारत वैश्विक खेल शक्ति बनेगा। मजबूत खेल व्यवस्था और प्रोत्साहन से ही देश को ओलंपिक खेलों में बड़ी सफलता मिलेगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह चिंतन शिविर छत्तीसगढ़ और पूरे देश में खेलों के समग्र विकास, सुदृढ़ खेल व्यवस्था के निर्माण तथा खिलाड़ियों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए नई दिशा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। चिंतन शिविर के दूसरे दिन भी आज अलग-अलग सत्रों में खेल प्रशासन, नीतिगत सुधार एवं युवा मामलों से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर व्यापक चर्चा की गई। इस दौरान राज्यों में खेल सामग्रियों के निर्माण, सरकारी योजनाओं तथा स्पोर्ट्स स्टार्ट-अप्स को बढ़ावा देने पर चर्चा की गई। इसमें यह बात प्रमुखता से आई कि भारत में ही अंतरराष्ट्रीय स्तर के खेल उपकरणों का निर्माण किया जाए, जिससे देश का खेल उद्योग आत्मनिर्भर बन सके।

आज एक महत्वपूर्ण सत्र में सलेक्शन पॉलिसी और एज फ्रॉड पर भी विशेष चर्चा हुई। इसमें खिलाड़ियों के चयन में पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं स्पष्ट मापदंड सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।

'मन क़ी बात' में प्रधानमंत्री ने की सराहना

## बारनवापारा अभयारण्य :काले हिरण पुनरुद्धार की नई मिसाल



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार 27 अप्रैल। लगभग 245 वर्ग किलोमीटर में फैला बारनवापारा वन्यजीव अभयारण्य आज संरक्षण की सफलता का एक सशक्त प्रमाण बनकर उभरा है।?एक समय ऐसा था जब यहां से काले हिरण विलुप्तप्राय हो गया था लेकिन आज यह अभयारण्य लगभग 200 ब्लैक बक का बसेरा है। यह उपलब्धि धैर्य, वैज्ञानिक देखभाल और गहरी पारिस्थितिक प्रतिबद्धता का परिणाम है।

रविवार को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने अपने लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 133 वीं कड़ी में छत्तीसगढ़ के ब्लैक बक संरक्षण प्रयासों का उल्लेख किया और उनकी सराहना की। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में ब्लैकबक यानी काले हिरणों का फिर से दिखाई देने लगे हैं। एक समय इनकी संख्या बहुत कम हो गई थी लेकिन लगातार प्रयास हुए और संरक्षण बढ़ाया गया। आज ये फिर से खुले मैदान में दौड़ते नजर आते हैं। यह हमारी खोती विरासत क़ी वापसी है। 1970 के दशक के बाद अतिक्रमण और आवास विनाश के कारण बारनवापारा से कृष्णमृग लगभग गायब हो गए थे और करीब पाँच दशकों तक स्थानीय रूप से विलुप्त रहे।?अप्रैल 2018: राज्य वन्यजीव बोर्ड की 9वीं बैठक में पुनरुद्धार योजना को मंजूरी मिली।

योजनाबद्ध तरीके से बारनावापारा अभयारण्य में काले हिरण को वापस लाया गया।अब इनकी संख्या बढ़कर 200 के करीब पहुंच गई है।

## कलेक्टर ने पीएचसी पनगांव और लाहौद का किया निरीक्षण



■ लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार 27 अप्रैल। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पनगांव और लाहौद का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल के ओपीडी सहित विभिन्न कक्षों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। पीएचसी पनगांव में ग्रामीणों के. द्वारा बताया गया कि कभी कभी अस्पताल पूरे दिन बंद रहता है जिससे लोगों को परेशानी होती है। इस पर कलेक्टर ने आरएचओ से पूछ ताछ कर जानकारी ली।आरएचओ ने बताया कि फिल्ड दौरा रहने के कारण कभी -कभी अस्पताल बंद रहता है। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि अस्पताल बंद नहीं रहना चाहिए कम से कम एक स्टाफ अवश्य उपस्थित रहे। उन्होंने प्रतिदिन ओपीडी क़ी संख्या, हर माह सस्थागत प्रसव, दवाई क़ी उपलब्धता क़ी जानकारी ली।

कलेक्टर श्री शर्मा ने इसके पश्चात पीएचसी लाहोद का निरीक्षण किया। अस्पताल क़ी साफ -सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओ पा संतुष्टि जताई। उन्होंने सामान्य शौचालय में पानी क़ी बेहतर व्यवस्था सहित, एंटी वेनम, हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं से लगातार संपर्क आदि के निर्देश दिये। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, एसडीएम प्रकाश कोरी,सीएमएचओ डॉ राजेश अवस्थी साहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### मुड़पार सोसायटी को यथावत रखने की मांग को लेकर किसान लामबंद

डोंगरगढ़ 27 अप्रैल। बधियाटोला,छिरपानी, रामनगर के किसानों के द्वारा मुड़पार सोसायटी में खाता यथावत रखने की मांग को लेकर आज मुरमुंदा चौक में चक्काजाम किया जाएगा। आपको बता दें कि इस विषय के निराकरण के लिए किसानों द्वारा बढ़ियाटोला मुरमुंदा मार्ग पर शांतिपूर्वक दो बार चक्काजाम किया जा चुका है और



कई बार शासन प्रशासन को ज्ञापन के माध्यम से मांगपत्र सौंपा गया है परन्तु इस विषय का निराकरण नहीं निकल पाने के कारण पीड़ित किसानों के द्वारा चक्काजाम करने की जानकारी शासन प्रशासन को पूर्व में दी जा चुकी है। वहीं देर शाम पीड़ित किसानों को मामले को सुलझाने के लिए थाना डोंगरगढ़ बुलाया गया था परन्तु बात नहीं बनी और किसान अपने फैसले को लेकर अड़े रहे। इस दौरान दर्जनों किसान उपस्थित रहे।

### प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 3 बार सर्वे, किंतु स्वीकृति प्राप्त नहीं

# भीमारमपारा में वर्षों से पक्की सड़क की मांग अधूरी, ग्रामीणों में आक्रोश

**राजकुमार कोण्डागुरला**



**बीजापुर,27 अप्रैल।** भोपालपटनम ब्लॉक मुख्यालय से महज 3 किमी दूर रूद्रारम पंचायत का आश्रित भीमारमपारा गाँव आजादी के बाद से उपेक्षा का शिकार हो रहा है। ग्रामीण पिछले कई वर्षों से पक्की सड़क निर्माण की मांग कर रहे हैं, लेकिन आज तक इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। गांव तक पहुंचने वाला मार्ग कच्चा और जर्जर होने के कारण लोगों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के मौसम में स्थिति और भी बदतर हो जाती है, जब रास्ता कीचड़ में तब्दील हो जाता है और आवाजाही लगभग ठप हो जाती है।ग्रामीणों का कहना है कि कई बार जनप्रतिनिधियों और प्रशासन से शिकायत की गई, लेकिन हर बार सिर्फ आश्वासन ही मिला। स्कूल जाने वाले बच्चों, मरीजों और किसानों को सबसे ज्यादा दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

ग्रामीणों में आक्रोश ग्रामवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही पक्की सड़क निर्माण कार्य की स्वीकृति नहीं मिली, तो वे आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। बिना सड़क के क्षेत्रवासी पलायन होने को मजबूरवर्षों पुरानी मांग पूरी नहीं होने के कारण क्षेत्रवासी पलायन होने को मजबूर हो रहे है। कच्ची सड़क में आवागमन करने और खेती कार्यों के संपादन में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, जिससे अन्यत्र जगह में जाने को मजबूर हो रहे हैं।सरपंच चंदा दुर्गम ने बताया कि उक्त सड़क निर्माण कार्य हेतु शासन प्रशासन के समक्ष कई बार आवेदन किया गया है किन्तु आज तक स्वीकृति नहीं मिली है। यह सड़क गांव के लिए बहुत जरूरी है।जनपद पंचायत सदस्य गणेश पोटटाम सदस्य ने कहा कि यह सड़क की मांग को देखते हुए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 3 बार सर्वे कार्य किया गया है लेकिन अभी तक स्वीकृति प्राप्त नहीं हो पाई है। विभाग का कहना है कि पीएमजीएसवाय 4 के फेस 3 में स्वीकृति के लिए प्रस्ताव तैयार किया जाएगा। अब देखना होगा कि प्रशासन कब तक इस समस्या का समाधान करता है और ग्रामीणों को राहत मिलती है।

## राजू पुजारी आत्महत्या मामले में पुलिस ने ठेकेदार को किया गिरफ्तार, 2 फरार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 27 अप्रैल।** जिले में प्रधानाध्यापक राजू पुजारी आत्महत्या मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ठेकेदार देबाशीष मंडल को भारतीय न्याय संहिता (ब्हस्) की धारा 108 और 3(5) के तहत आज रविवार को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में अन्य दो आरोपियों की तलाश जारी है। मृतक प्रधानाध्यापक राजू पुजारी ने अपने सुसाइड नोट में ठेकेदार, समग्र शिक्षा के एपीसी डोंगरे और इंजीनियर शैलेश वासम सहित विभाग को अपनी मौत का जिम्मेदार ठहराया था। राजू पुजारी ने सुसाइड नोट में लिखा था कि भवन निर्माण कार्य की गुणवत्ता बेहद खराब थी और इसके लिए ठेकेदार, एपीसी और इंजीनियर जिम्मेदार हैं। उन्होंने यह भी लिखा कि इस मामले में उनकी कोई गलती नहीं है और उनके परिवार की जिम्मेदारी यही लोग संभालेंगे। बताया गया कि करीब 20 लाख 30 हजार रुपए की लागत से बन रहे भवन की गुणवत्ता को लेकर पुजारी ने कई बार उच्च अधिकारियों से शिकायत की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

### एक नजर

#### बस्तर में 1200 से अधिक बलिदानियों की स्मृति में अमर बलिदानी स्मारक बनाए जाएंगे

**जगदलपुर, 27 अप्रैल।** बस्तर संभाग के दुर्गम इलाकों में शासन ने सभी माओवादी स्मारकों को ध्वस्त कर उनके स्थान पर सुरक्षाबलों के बलिदानियों की प्रतिमाएं और ÷अमर बलिदानी स्मारक÷ स्थापित करने का निर्णय लिया है। पंचायत विभाग ने इसके लिए राशि स्वीकृत कर दी है। इसका मुख्य उद्देश्य आने वाली पीढ़ियों को जवानों की शौर्यगाथा से परिचित कराना और क्षेत्र में लोकतंत्र की जड़ें मजबूत करना है। सुरक्षाबलों द्वारा माओवादियों के बुनियादी ढांचे को ध्वस्त करने के बाद अब उन स्थानों पर बलिदानियों की स्मृति में स्मारकों का निर्माण किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ शासन की योजना के अनुसार, बस्तर के विभिन्न गांवों में कुल 1,200 से अधिक बलिदानियों की स्मृति स्मारक बनाए जाएंगे, जो आने वाली पीढ़ियों को जवानों के साहस और बलिदान से परिचित कराएंगे।इसी कड़ी में सुकमा जिले में दो बड़े स्मारकों का लोकार्पण किया गया है। 6 अप्रैल 2026 को ताड़मेटला (गडगडमेटा) में उस ऐतिहासिक स्थल पर स्मारक का उद्घाटन हुआ, जहां 2010 में 76 जवानों ने सर्वोच्च बलिदान दिया था। इसी तरह बुरकापाल (चिंतागुफा) में भी 25 बलिदानियों को समर्पित स्मारक राष्ट्र को सौंपा गया। 24 अप्रैल 2017 को सड़क निर्माण की सुरक्षा में तैनात इन जवानों पर माओवादियों ने घात लगाकर हमला किया था। अब ये स्मारक प्रत्येक बलिदानी की संक्षिप्त जानकारी के साथ उनके पराक्रम की गाथा बयां कर रहे हैं। बस्तर को 31 मार्च को हथियारबंद माओवादियों से मुक्त घोषित करने के बाद अब गांव-गांव में स्मारकों के निर्माण की तैयारी है। नारायणपुर के ओरछा में उस शिक्षक का भी स्मारक बनाने की तैयारी है, जिसने माओवादियों के डर को दरकिनार कर तिरंगा फहराया था, और बाद में अपनी जान गंवाई। जगदलपुर में ÷अमर जवान शहीद परिसर÷ के माध्यम से संभाग के सभी बलिदानी परिवारों को संगठित कर उन्हें सहायता और सम्मान देने की योजना पर कार्य चल रहा है।

#### अबूझमाड़ सहित बस्तर के 497 गांवों में पहली बार मई से शुरू होगा राजस्व सर्वे

**जगदलपुर, 27 अप्रैल ।** बस्तर संभाग के



अबूझमाड़ सहित बस्तर के 497 गांवों में पहली बार मई से राजस्व सर्वे शुरू होगा। नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ के 240 गांव आज तक किसी भी सरकारी सर्वे की श्रेणी में नहीं थे। इन गांवों में सरकार पहली बार आधिकारिक रूप से कदम रखने जा रही है, राजस्व सर्वे होने से सदियों से गुमनाम रहे इलाके सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज होंगे। नक्सलियों के प्रभााव के कारण इन गांवों में ना तो कभी पटवारी पहुंचे और ना ही कोई सरकारी सर्वेक्षक, लेकिन अब बीजापुर, सुकमा, कोंडागांव, बस्तर, कांकेर और दंतेवाड़ा जैसे जिलों के सैकड़ों गांवों का नक्शा तैयार होगा। राजस्व सर्वे के लिए आईआईटी रुड़की को जिम्मेदारी दी गई है।

अबूझमाड़ के 5,000 वर्ग किलोमीटर से अधिक क्षेत्र के मानचित्रण के लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी-रुड़की) के साथ इसी साल जनवरी में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए थे। अबूझमाड़, जिसे दशकों तक नक्सलवाद के साये और दुर्गम रास्तों के कारण अबूझ (अनसुलझा) माना जाता था, अब विकास की मुख्यधारा से जुड़ने जा रहा है। सर्वे केवल जमीन नापने तक सीमित नहीं होगा, बल्कि जल, जंगल, नदी, तालाब और खेतों का वैज्ञानिक तरीके से रिकॉर्ड तैयार किया जाएगा। हैबिटेशन मैपिंग के जरिए यह पता लगाया जाएगा कि वास्तविक तौर पर किस ग्रामीण के पास कितनी जमीन है।और वहां की आबादी कितनी है। सरकारी रिकॉर्ड में नहीं होने के कारण अबूझमाड़ इलाके के किसान अपना धान समर्थन मूल्य पर नहीं बेच पाते थे। सर्वे के बाद वे फसल का उचित मूल्य और बोनस प्राप्त कर सकेंगे। सदियों से अपनी जमीन पर रहने वाले ग्रामीणों को भूमि का पट्टा और मालिकाना हक मिलेगा। राजस्व ग्राम घोषित होने के बाद महतारी वंदन, नल-जल योजना और किसान ऋण जैसी सुविधाएं सीधे उन तक पहुंच सकेंगी।वनमंत्री केदार कश्यप का कहना है कि बस्तर क्षेत्र में राजस्व सर्वे हमारे आदिवासी भाई-बहनों के अधिकारों को मजबूत करने की ऐतिहासिक पहल है। इससे हर परिवार को अपनी जमीन का वैध दस्तावेज मिलेगा और विकास कार्यों को नई गति मिलेगी। सड़क, बिजली, पानी और शिक्षा जैसी सुविधाएं अब तेजी से पहुंच पाएंगी। राजस्व ग्राम घोषित होने के बाद महतारी वंदन, नल-जल योजना और किसान ऋण जैसी सुविधाएं सीधे उन तक पहुंच सकेंगी।

## बस्तर सांसद महेश कश्यप ने लेंड्रा बूथ में सुनी 'मन की बात'

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 27 अप्रैल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 133वें एपिसोड का प्रसारण रविवार को हुआ। बस्तर लोकसभा सांसद महेश कश्यप ने जगदलपुर विधानसभा अंतर्गत दरभा मंडल के नेगानार शक्ति केंद्र स्थित लेंड्रा बूथ क्रमांक 259 में स्थानीय ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठकर कार्यक्रम को सुना।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि भारत ने विज्ञान को हमेशा विकास का मजबूत आधार माना है। वैज्ञानिकों की मेहनत से देश का अंतरिक्ष कार्यक्रम नई ऊंचाइयों को छू रहा है और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।उन्होंने तमिलनाडु के कलपक्कम स्थित स्वदेशी 'फास्ट ब्रीडर रिएक्टर' के 'क्रिटिकलिटी' हासिल करने को ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। साथ ही बताया कि भारत 56 गीगावॉट से अधिक क्षमता के साथ पवन ऊर्जा के क्षेत्र में दुनिया में चौथे स्थान पर पहुंच गया है।

प्रधानमंत्री ने 'जनगणना 2027' को पूरी तरह डिजिटल बनाने की बात कही। उन्होंने बताया कि नई प्रणाली से प्रक्रिया अधिक तेज और पारदर्शी होगी। नागरिक स्वयं अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे और उन्हें एक विशेष आईडी प्रदान की जाएगी। साथ ही डेटा की गोपनीयता और सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा जाएगा।

प्रधानमंत्री ने डेयरी सेक्टर में हो रहे बदलावों और भारतीय चीज की वैश्विक सफलता का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि ब्राजील में आयोजित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भारतीय ब्रांड्स ने पुरस्कार जीतकर देश का गौरव बढ़ाया है।इसके अलावा 'यूरोपीय गर्ल्स मैथमेटिकल ओलंपियाड' में भारतीय छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन, राष्ट्रीय अभिलेखागार के डिजिटल पोर्टल की शुरुआत और उत्तर-पूर्व के बांस उत्पादों को बढ़ावा देने की भी चर्चा की।

## जगदलपुर आरपीएफ की सतर्कता से यात्रियों को मिली बड़ी राहत, लाखों का सामान सुरक्षित सुपुर्द

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**जगदलपुर, 27 अप्रैल।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) पोस्ट जगदलपुर ने एक बार फिर अपनी सतर्कता, तत्परता और ईमानदारी का परिचय देते हुए दो अलग-अलग घटनाओं में यात्रियों का छूटा हुआ कीमती सामान बरामद कर उन्हें सुरक्षित सुपुर्द किया।पहली घटना में एक महिला यात्री निबेदिता पांडा 28 वर्ष, निवासी भीमसाही, पापड़ाहांडी, जिला नबरंगपुर ओडिशा द्वारा सूचना दी गई कि ट्रेन संख्या 18107 के फ्रंट जनरल कोच में उनका हरे रंग का ट्रॉली बैग छूट गया है। बैग में कपड़े एवं सोने के झुमके लगभग 60 हजार रुपये मूल्य रखे हुए थे। सूचना मिलते ही आरपीएफ के एसआई बी. सुरेश कुमार, एचसी जे. मुरली एवं एलसीटी एस. मरांडी ने तत्परता दिखाते हुए कोच में पहुंचकर गहन तलाशी ली और बैग को बरामद कर लिया। आवश्यक सत्यापन और दस्तावेजी प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद बैग को उसकी वास्तविक मालिक को सौंप दिया गया। वहीं दूसरी घटना में 26 अप्रैल 2026 को सुबह लगभग 10ः50 बजे सूचना मिली कि ट्रेन संख्या 18447 के कोच बी-2, बर्थ संख्या 21 में एक बैग छूट गया है। सूचना मिलते ही ड्यूटी पर तैनात एचसी जे. मुरली ने तुरंत कार्रवाई करते हुए ट्रेन के जगदलपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 3 पर आगमन 11:44 बजे के दौरान बैग को सुरक्षित बरामद कर आरपीएफ पोस्ट लाया। बाद में बैग मालिक देबोपम मोहंती, निवासी अलाती भारतपुर, जिला बालिचंद्रपुर ओडिशा से संपर्क कर उन्हें बुलाया गया। पहचान सत्यापन के बाद बैग, जिसमें लैपटॉप, कलाई घड़ी, मनी पर्स एवं महत्वपूर्ण दस्तावेज करीब 57 हजार रुपये मूल्य थे, उन्हें विधिवत सुपुर्द किया गया।

दोनों ही मामलों में यात्रियों ने आरपीएफ की त्वरित कार्रवाई और ईमानदारी की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। यह घटनाएं आरपीएफ की यात्रियों की सुरक्षा एवं सहायता के प्रति उनकी मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं।

## बस्तर के छः शिक्षकों को मिला राष्ट्रीय नवाचारी सम्मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर, 27 अप्रैल।**राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान सह राष्ट्रीय शैक्षिक संप्रवाह कार्यक्रम के अंतर्गत बस्तर जिले के छः शिक्षकों सहित छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के कुल 160 नवाचारी शिक्षकों को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं अनुकरणीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों जैसे आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, अंडमान-निकोबार, पंजाब, दिल्ली एवं राजस्थान के शिक्षकों द्वारा नवाचारी गतिविधियों की लाइव प्रस्तुतियां दी गईं।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर के उप सचिव डॉ. बी. रघु ने कहा कि ÷गुणात्मक उपलब्धियों को लक्ष्य बनाकर कार्य करना चाहिए।÷ उन्होंने विजन, मिशन और लक्ष्य को सफलता की सीढ़ी बताते हुए नवाचारों में सामुदायिक सहभागिता को शामिल करने पर जोर दिया।समग्र शिक्षा रायपुर के उप संचालक ए.के. सारस्वत ने कहा कि विभाग नवाचारी शिक्षकों के मजबूत आधार पर खड़ा है और नवाचार की प्रक्रिया कभी समाप्त नहीं होती। वहीं डीईओ हिमांशु भारती ने इस समूह को परिवर्तनकारी बताते हुए इसकी सराहना की। डीएमसी रायपुर अरुण शर्मा एवं प्राचार्य सुचिता पाण्डेय ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।नवाचारी शिक्षक अंजना सिंह एवं सुनीता ठाकुर ने समूह की गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि यह शासकीय विद्यालयों के शिक्षकों का स्वप्रेरित समूह है, जो पिछले 5 वर्षों से लगातार ऐसे आयोजन कर रहा है और संसाधनों की व्यवस्था स्वयं करता है। इस समूह से देशभर के शिक्षक जुड़े हुए हैं।कार्यक्रम के सफल आयोजन में समूह प्रमुख संजीव कुमार सूर्यवंशी सहित बस्तर जिला टीम के मनीष कुमार अहीर, रियाज अली, मोहम्मद अकबर, यामिनी नागे, रितु रजवाड़े, बबीता मोटवानी, दीपक मौर्य, दीपक यादव एवं कमलेश्वर दास सहित अन्य सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।बस्तर जिले से लिलेश देवांगन, डॉ. तुला दास मानिकपुरी, राजेश देशमुख, नागेश दास, सुमिता नायडू, ममता नेताम एवं कल्पना राय को मुख्य अतिथि द्वारा उत्कृष्ट नवाचार के लिए सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के दौरान दुर्ग के पवन सिंह ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर मार्गदर्शन दिया, वहीं राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षिका प्रज्ञा सिंह ने गणित टीएलएम पर अपने अनुभव साझा किए।कार्यक्रम के अंत में समूह प्रमुख संजीव सूर्यवंशी ने शिक्षकों से नवाचार साझा करने और समूह से जुड़ने की अपील की, ताकि शिक्षा में सुधार की प्रक्रिया निरंतर जारी रहे।बस्तर एडमिन टीम के मनीष अहीर एवं मीडिया प्रभारी नीलमणि साहू ने बताया कि शिक्षक लगातार नवाचारी गतिविधियों के माध्यम से शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं।

## 10 साल पहले रिटायर होने वाले शिक्षकों को पेंशन सुरक्षा से वंचित होना पड़ रहा

**जगदलपुर, 27 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवीण श्रीवास्तव ने जारी बयान में इस मुद्दे को गंभीर सामाजिक और प्रशासनिक खामी बताते हुए सरकार से हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने कहा 2018 में संविलियन के कारण शिक्षकों की पूर्व सेवा अवधि को पेंशन योग्य सेवा में शामिल नहीं किया गया जिसके परिणामस्वरूप 2028 से पहले सेवानिवृत्त होने वाले हजारों शिक्षक न्यूनतम पेंशन से भी वंचित रह गए हैं। वर्तमान प्रावधानों के अनुसार संविलियन के बाद वर्ष की सेवा पूरी होने पर ही न्यूनतम पेंशन का अधिकार बनता है। चूंकि अधिकांश शिक्षकों का संविलियन 2018 में हुआ इसलिए 2028 से पहले सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों को यह लाभ नहीं मिल पा रहा। यही कारण है कि 1998, 1999 और 2005 से कार्यरत शिक्षक भी सेवानिवृत्ति के बाद शून्य पेंशन की श्रेणी में पहुंच रहे हैं। उन्होने कहा कि 25 से 30 वर्षों तक विद्यालयों में अपनी सेवाएं देने वाले अनेक शिक्षक रिटायरमेंट के बाद जीरो पेंशन की स्थिति में पहुंच रहे हैं। यह विडंबना तब और गंभीर हो जाती %है जब अंतिम वेतन 80 से 90 हजार रुपये तक पाने वाले शिक्षक अगले ही माह न्यूनतम आर्थिक सुरक्षा से भी वंचित हो जाते हैं।

## चपका में फिर भड़का आंदोलन, गोपाल स्पंज के खिलाफ 12 पंचायतें लामबंद

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर, 27 अप्रैल।** बस्तर ब्लॉक के ग्राम पंचायत चपका में गोपाल स्पंज एवं पावर प्रा.लि. रायपुर के खिलाफ ग्रामीणों का बेमियादी धरना आंदोलन एक बार फिर तेज हो गया है। इस आंदोलन में 12 ग्राम पंचायतों के सैकड़ों ग्रामीण शामिल हैं।प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज भी धरना स्थल पर पहुंचे और आंदोलन को समर्थन देते हुए स्पष्ट कहा कि बस्तर और यहां के ग्रामीणों के हितों से किसी भी कीमत पर समझौता नहीं किया जाएगा।

स्पंज आयरन प्लांट का विरोध वर्ष 2021 से लगातार जारी है। ग्रामीणों के विरोध के चलते कुछ वर्षों तक संयंत्र का कार्य बंद रहा, लेकिन इस वर्ष फिर से फिनिशिंग कार्य शुरू कर दिया गया है, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश और बढ़ गया है।ग्रामीणों का आरोप है कि फैक्ट्री शुरू होने से हजारों लोगों की आजीविका पर संकट आ जाएगा। उनका कहना है कि संयंत्र से निकलने वाला केमिकलयुक्त पानी चित्रकोट क्षेत्र से जुड़ी नदी में जाएगा, जिससे पानी जहरीला हो सकता है। इससे खेती-किसानी, मवेशियों और वन्य जीवों के लिए गंभीर खतरा उत्पन्न होगा।इसके अलावा कंपनी द्वारा बनाई जा रही पक्की दीवार को लेकर भी ग्रामीणों में नाराजगी है। उनका कहना है कि इससे बरसात के समय गांव डूबान क्षेत्र में आ जाएगा और चपका व सोनारपाल गांव में पानी घुसने की आशंका बढ़ जाएगी। यह इलाका पहले से ही बाढ़ प्रभावित रहा है।ग्रामीणों ने बताया कि भारी वाहनों की आवाजाही से सड़कों को नुकसान होगा और धूल-धुएं से प्रदूषण बढ़ेगा, जिससे स्वास्थ्य पर भी असर पड़ेगा। ग्रामीणों ने साफ कहा है कि वे अपनी जमीन, पानी और खेती को किसी भी कीमत पर बर्बाद नहीं होने देंगे और जब तक फैक्ट्री का काम पूरी तरह बंद नहीं होता, आंदोलन जारी रहेगा।ग्रामीण प्रशासन से सवाल कर रहे हैं कि 2021 में विरोध के बाद बंद हुई फैक्ट्री को दोबारा अनुमति किस आधार पर दी गई? क्या पर्यावरण स्वीकृति और ग्रामसभा की एनओसी ली गई है? बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में पक्की दीवार बनाने की अनुमति किस नियम के तहत दी गई? आंदोलन में पूर्व जिला पंचायत प्रत्याशी बबलू राम बघेल, सरपंच सोनारपाल दयाराम बघेल, दीपक गुप्ता, बनमाली बघेल, कमलेश ठाकुर, गुड्डू राम कश्यप, चिंगरू बघेल, लक्ष्मीनाथ बघेल, चंदराम बघेल, मंगलू बघेल, तुलाराम निषाद सहित सैकड़ों ग्रामीण धरने पर बैठे हैं।

#### 9 महीने पहले बारिश में टूटी चितापुर की पुलिया की नहीं हुई मरम्मत

**जगदलपुर, 27 अप्रैल।** बस्तर जिले के दरभा ब्लॉक के चितापुर में 9 महीने पहले बारिश में टूटी पुलिया आज तक नहीं बन पाई है। हालात ऐसे हैं कि तीन गांवों के ग्रामीण, स्कूली बच्चे और बुजुर्ग रोज जान जोखिम में डालकर आने-जाने को मजबूर हैं। प्रशासन की लापरवाही और उदासीनता का खामियाजा ग्रामीण भुगत रहे हैं। करीब 9 महीने पहले मानसून की तेज बारिश में यह पुलिया टूट गई थी। तब से अब तक ना मरम्मत हुई ना नया निर्माण शुरू हुआ ना कोई स्थायी इंतजाम किया गया। ग्रामीणों का कहना है कि सरपंच से लेकर विधायक, सांसद और कलेक्टर तक शिकायत की जा चुकी है, लेकिन सिर्फ आश्वासन ही मिला। कई जनप्रतिनिधि मौके पर पहुंचे।

## मंडी बोर्ड उप निरीक्षक परीक्षा में 7,662 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा, 4,474 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर, 27 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल (व्यापम) द्वारा आयोजित मंडी उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा रविवार को जिले में जिला प्रशासन की कड़ी निगरानी में संपन्न हुई। कलेक्टर आकाश छिकारा के नेतृत्व में आयोजित इस परीक्षा के लिए समूचे जिले में आज सुबह 10 बजे से दोपहर 12ः15 बजे तक सभी 46 केंद्रों पर परीक्षा का संचालन पूरी तरह शांतिपूर्ण और पारदर्शी रहा।जिले के 46 केंद्रों में कुल 12,136 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 7,662 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जबकि 4,474 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराया गया। परीक्षार्थियों के लिए विशेष %ड्रेस कोड% लागू किया गया था, जिसके तहत केवल हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े और पैरों में चप्पल पहनकर आने की अनुमति दी गई थी। काले, गहरे नीले, जामुनी और मैरून जैसे गहरे रंगों के परिधानों पर पूर्णतः प्रतिबंध रहा।

सुरक्षा और शुचिता को प्राथमिकता देते हुए प्रशासन ने इस बार बेहद कड़े प्रबंध किए थे। परीक्षा की निगरानी के लिए गठित 5 विशेष उड़नदस्ता दलों ने निरंतर केंद्रों का भ्रमण कर सघन निरीक्षण किया। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर महिला और पुरुष सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की गई थी, जिन्होंने हैंडहेल्ड मेटल डिटेक्टर के माध्यम से हर एक अभ्यर्थी की गहन तकनीकी जांच की। किसी भी प्रकार की अव्यवस्था से बचने के लिए अभ्यर्थियों को सुबह 7ः30 बजे ही केंद्रों पर रिपोर्ट करने की सलाह दी गई थी, जिससे समय रहते फ्रिस्किंग और सत्यापन की प्रक्रिया सुचारू रूप से पूर्ण की जा सके।अनुशासन को बनाए रखने के लिए परीक्षा कक्ष के भीतर मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, ब्लूटूथ डिवाइस, पर्स, बेल्ट और टोपी के साथ-साथ कान के आभूषणों को ले जाना भी पूरी तरह वर्जित किया गया था। हालांकि, धार्मिक या सांस्कृतिक पोशाक में पहुंचे अभ्यर्थियों को प्रशासन ने संवेदनशीलता दिखाते हुए अतिरिक्त सुरक्षा जांच के उपरांत परीक्षा में बैठने की अनुमति प्रदान की। प्रशासन द्वारा जारी की गई चेतावनियों और निर्देशों का पालन करते हुए अधिकांश परीक्षार्थी केवल आवश्यक नीले या काले बॉल पॉइंट पेन के साथ ही केंद्रों पर नजर आए, जिससे पूरी प्रक्रिया बिना किसी बाधा के संपन्न हुई।

## बीजापुर जिले में गैस की किल्लत से जनजीवन अस्त-व्यस्त





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर,27 अप्रैल।** बीजापुर जिले में इन दिनों रसोई गैस की भारी किल्लत देखने को मिल रही है। गैस सिलेंडर की आपूर्ति बाधित होने से आम लोगों का जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। उपभोक्ताओं को गैस एजेंसियों के बाहर घंटों लाइन में खड़ा रहना पड़ रहा है, इसके बावजूद समय पर सिलेंडर उपलब्ध नहीं हो पा रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले 04 दिनों से गैस की नियमित आपूर्ति नहीं हो रही है, जिससे घरों में खाना बनाने तक की समस्या खड़ी हो गई है। कई परिवारों को मजबूरी में लकड़ी और अन्य वैकल्पिक साधनों का सहारा लेना पड़ रहा है।ग्राहकों ने आरोप लगाया है कि गैस एजेंसियों द्वारा सही जानकारी नहीं दी जा रही है और वितरण में पारदर्शिता की कमी है। वहीं, कुछ स्थानों पर कालाबाजारी की शिकायतें भी सामने आ रही हैं, जिससे स्थिति और गंभीर हो गई है। ग्रामीणों और उपभोक्ताओं ने प्रशासन से मांग की है कि गैस आपूर्ति को जल्द सुचारू किया जाए और दोषी एजेंसियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

### तीन माह की लंबित पेंशन, राशन और योजनाओं का लाभ तत्काल सुनिश्चित

# मीडिया में खबर आते ही मुख्यमंत्री ने लिया संज्ञान, प्रशासन हरकत में आया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजिम 27 अप्रैल।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के संवेदनशील, सजग और जनकेंद्रित नेतृत्व का एक और सशक्त उदाहरण सामने आया है, जहाँ एक वृद्ध हितग्राही की समस्या पर त्वरित संज्ञान लेते हुए शासन ने तुरंत राहत सुनिश्चित की। मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देश पर गरियाबंद जिले के फिंगेश्वर विकासखण्ड के ग्राम पथर्री निवासी श्री भीखलु राम ध्रुव को जिला प्रशासन की सक्रियता से बड़ी राहत मिली है।

मीडिया के माध्यम से प्रसारित एक खबर में यह जानकारी सामने आई थी कि श्री भीखलु राम ध्रुव लंबे समय से पेंशन और राशन जैसी बुनियादी सुविधाओं से वंचित थे। इस खबर को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने बिना विलंब किए तत्काल संज्ञान लिया और जिला प्रशासन को निर्देशित किया कि संबंधित हितग्राही को शीघ्र लाभ उपलब्ध कराया जाए। मुख्यमंत्री के निर्देश मिलते ही प्रशासनिक अमला सक्रिय हो गया और प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई शुरू की गई।मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुरूप कलेक्टर श्री बीएस उइके ने स्वयं मामले की जानकारी ली और संबंधित विभागीय अधिकारियों को तत्काल समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जांच में यह तथ्य सामने आया कि श्री भीखलु राम ध्रुव का ई-केवाईसी किसी कारणवश लंबित था, जिसके कारण उन्हें योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा था। प्रशासन द्वारा तत्काल ई-केवाईसी की प्रक्रिया पूर्ण कराई गई, जिससे उन्हें पुनः शासकीय योजनाओं का लाभ मिलना प्रारंभ हो गया है। प्रशासन की तत्परता का परिणाम यह रहा कि श्री भीखलु राम ध्रुव को तीन माह की लंबित वृद्धावस्था पेंशन एकमुश्त प्रदान की गई। वहीं खाद्य विभाग द्वारा भी संवेदनशीलता दिखाते हुए उनके घर पहुंचकर 01 क्विंटल चावल उपलब्ध कराया गया है। अब उन्हें नियमित रूप से उचित मूल्य की दुकान से राशन मिलना सुनिश्चित किया गया है।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के इस मानवीय और तत्पर हस्तक्षेप से राहत प्राप्त करने पर श्री भीखलु राम ध्रुव ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पेंशन और राशन मिल जाने से मेरे जीवन में बड़ी राहत आई है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की यह संवेदनशीलता मेरे लिए बहुत मायने रखती है। अब मुझे भरोसा है कि सरकार हमारी चिंता करती है। उल्लखेनीय है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में शासन केवल योजनाएं बनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि जमीनी स्तर पर प्रत्येक जरूरतमंद तक उनका लाभ समय पर पहुंचे, इसके लिए निरंतर सजग और प्रतिबद्ध है।

# घटारानी में युवक पर तेंदुआ ने किया हमला



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**पांडुका, 27 अप्रैल।** वन परिक्षेत्र पाण्डुका के घटारानी के जंगल में मंदिर के पास स्थित लोटेश्वर महादेव के पास ग्राम जमाही निवासी भीखम कमार 19 वर्ष के ऊपर तेंदुआ ने हमला कर दिया।मादा तेंदुवा अपने दो बच्चे के साथ छांव में बैठा था और युवक को अपने ओर आते देख हमला कर दिया।बिटगार्ड राहुल श्रीवास से मिली जानकारी अनुसार युवक भीखम तेंदू पत्ता को बांधने के लिए उपयोग होने वाले रस्सी लाने के लिए जंगल गया था। इसी बीच मादा तेंदुआ अपने बच्चों के साथ बैठा था। खतरा महसूस हुआ होगा और हमला कर दिया पांडुका परिक्षेत्र के अंतर्गत हुए इस घटना पर मौके पर बिटगार्ड पहुंचे और युवक को तत्काल 1 हजार की सहायता राशि देकर 108 बुलाकर युवक को फिंगेश्वर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेहतर इलाज के लिए रवाना किया गया।वन विभाग की अपील किया गया है कि जंगल जाते समय सावधानी बरते खासकर जब जंगल जानवर के साथ में बच्चे होते है तो जायदा खूंखार हो जाते है।जरा सा भी खतरा महसूस हो तुरंत हमला कर देते है।

## एक नजर

### मंडी उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न, 59.45 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज



**रायगढ़, 27 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल, रायपुर द्वारा मंडी उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा का आयोजन रविवार को एक ही पाली में सफलतापूर्वक किया गया। जिले में इस परीक्षा के लिए कुल 70 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक संचालित हुई। कुल 18,517 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 11,010 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 7,507 अनुपस्थित रहे। इस प्रकार कुल उपस्थिति लगभग 59.45 प्रतिशत दर्ज की गई। परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए मंडल द्वारा विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए थे। परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने से दो घंटे पहले ही केंद्र पर पहुंचना अनिवार्य किया गया था। केंद्रों पर महिला एवं पुरुष पुलिस कर्मियों द्वारा सघन फ्रिस्किंग (शारीरिक जांच) की गई तथा मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र के आधार पर ही प्रवेश दिया गया। पहचान पत्र की फोटोकॉपी या किसी अन्य माध्यम को मान्य नहीं रखा गया। इसके अलावा पहचान सत्यापन के लिए प्रत्येक केंद्र पर एक पुरुष और एक महिला वीक्षक की नियुक्ति की गई थी। मंडल के निर्देशानुसार परीक्षा शुरू होने से 30 मिनट पहले, यानी सुबह 9.30 बजे, सभी परीक्षा केंद्रों के मुख्य द्वार बंद कर दिए गए। इस प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई गई।परीक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई थी। साथ ही तहसीलदार और नायब तहसीलदार के नेतृत्व में तीन सदस्यीय सात उड़नदस्ता दल गठित किए गए, जिन्होंने सभी केंद्रों का निरीक्षण किया। इन सख्त व्यवस्थाओं के बीच परीक्षा शांतिपूर्ण और व्यवस्थित रूप से संपन्न हुई।

### नई ऊंचाइयों की तरफ आगे बढ़ रहा लॉयन्स क्लबः विजय अग्रवाल




**रायगढ़, 27 अप्रैल।** सामाजिक सेवा के 50 गौरवशाली वर्षों को समर्पित लॉयन्स क्लब रायगढ़ सिटी का स्वर्ण जयंती समारोह 24 अप्रैल को होटल ट्रिनिटी ग्रैंड में भव्य एवं अविस्मरणीय अंदाज में आयोजित किया गया। इस विशेष अवसर पर क्लब के वर्तमान एवं पूर्व सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी उपलब्धियों पर गर्व व्यक्त करते हुए समाजसेवा से जुड़े महत्वपूर्ण संस्मरण साझा किए।कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया.इस अवसर पर मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लॉय.विजय अग्रवाल ने अपने उदबोधन मे लॉयन्स क्लब रायगढ़ सिटी के स्वर्ण जयंती आयोजन के बहुत ही जोशीले ढंग से मनाने और क्लब के प्रतिष्ठित अध्यक्ष लॉय.रामनिवास मोड़ा के गंभीर व्यक्तित्व और समाजसेवा के क्षेत्र मे बहुत कुछ कर गुजरने वाली सोच की मंच से जमकर तारीफ की.उन्होंने मौजूदा युवा सचिव लॉय.अरुण गोयल एवं क्लब के दोनों चार्टेड मेंबर लॉ.सागर अग्रवाल और लॉ.डॉ. के एन पटेल का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए मंच से सम्मानित किया.लॉय.विजय अग्रवाल ने कार्यक्रम मे उपस्थित रेडक्रास के संरक्षक व पूर्व चेयरमैन संतोष अग्रवाल को लॉयन्स क्लब के लिए नींव का पत्थर बताते हुए आज पर्यन्त मिल रहे उनके सहयोगी भूमिका की मंच से तारीफ़ की. समारोह के दौरान मुख्य अतिथि द्वारा लायंस क्लब के वरिष्ठ सदस्यों एवं पदाधिकारियों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनके वर्षों के समर्पण और सेवा भावना का प्रतीक रहा। कार्यक्रम को मुख्य वक्ता लॉय.प्रीति पाल बाली,गेस्टऑफ़ ऑनर्स लॉ. रिपुदमन पुरारी,लॉ.पवन मलिक और विशिष्ट अतिथि अम्बेसडर ऑफ़ गुडबिल लॉय. शैलेष अग्रवाल ने भी सम्बोधित किया.कार्यक्रम में सांस्कृतिक रंग भी खूब देखने को मिला। गीत-संगीत,रोचक प्रतियोगिताओं और विविध आकर्षक स्पर्धाओं ने माहौल को जीवंत बना दिया।उपस्थित सदस्यों और अतिथियों ने पूरे उत्साह के साथ इन गतिविधियों में भाग लिया,जिससे आयोजन एक यादगार उत्सव में बदल गया।क्लब की कार्यप्रणाली से प्रभावित स्वर्ण जयंती के अवसर पर इस गौरवशाली विरासत को आगे बढ़ाने का संकल्प लेते हुए दर्जनों नए युवाओं ने क्लब की सदस्यता ग्रहण की.वहीं अतिथियों को क्लब की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट कर कार्यक्रम की सफलता के लिए क्लब के अध्यक्ष रामनिवास मोड़ा ने सभी आभार प्रकट किया।

# शासकीय भूमि में बन रहा था चर्चनुमा भवन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़,27 अप्रैल।** शहर में ईसाई समुदाय द्वारा शासकीय भूमि पर चर्चनुमा भवन तैयार किया जा रहा था। जिसको लेकर मोहल्लेवासियों द्वारा विरोध जताने पर बजरंग दल के सदस्य भी मौके पर पहुंचे और उसे तत्काल तोडऩे की मांग शुरू कर दी। इससे नजूल भूमि पर हो रहे अवैध निर्माणाधीन भवन को तोड़ा गया है।

उल्लेखनीय है कि शहर के संत विनोबा नगर मोहल्ले में रहने वाले ईसाई समुदाय के लोगों ने प्रार्थना करने के लिए चौक पर चर्चनुमा छोटे से भवन का निर्माण करा रहे थे। जिसको लेकर मोहल्लेवासियों द्वारा विरोध किया जा रहा था, लेकिन उसके बाद भी निर्माण कार्य जारी था। ऐसे में मोहल्लेवासियों ने रविवार को इसकी सूचना बजरंग दल के सदस्यों को दी। इससे बजरंग दल के सदस्य वहां पहुंचे और मोहल्लेवासियों के साथ उक्त भवन को विरोध करने लगे। इस दौरान वहां हो रहे हंगामे की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए और तत्काल उक्त भवन को तोडऩे की मांग शुरू कर दी। ऐसे में लगातार बढ़ रहे हंगामे की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन और पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को समझाईश देना शुरू किया, लेकिन विरोध कर रहे लोगों ने उक्त भवन को तोडऩे पर अड़ गए। साथ ही बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को कहना था कि शासकीय जमीन पर कब्जा कर पहले छोटा चबूतरा बनवाया गया था जिसे अब विस्तार कर बड़ा रूप दिया जा रहा है जो पूरी तरह से गलत है। ऐसे में यदि प्रशासन उक्त निर्माण को नहीं तोड़ता है तो वे स्वयं जेबीसी लगाकर तोडेंगे। वहीं दूसरा पक्ष इसके तोडऩे की मांग को विरोध करने लगे। इससे प्रशासनिक अधिकारियों ने उन्हें समझाईश दी और मामले की जांच शुरू कर दी। ऐसे में जिला प्रशासन द्वारा तत्काल जांच किया गया, जिसमें उक्त निर्माण अवैध पाए जाने पर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया तब जाकर मामला शांत हुआ।

#### अंत में हटा अवैध निर्माण

इस मामले में रायगढ़ तहसीलदार शिवकुमार डनसेना ने बताया कि मामले में जांच पर यह बात सामने आया कि यह स्ट्रक्चर सरकारी भूमि पर बन रहा है। ऐसे में जेसीबी से अवैध कब्जा को हटवाया गया। साथ ही उन्होंने बताया कि निर्माणाधीन भवन में चर्च जैसा तो कुछ नहीं मिला और इसे भवन ही कहा जा सकता है। फिलहाल अवैध कब्जा को हटाते हुए जांच की जा रही है।

#### भरी दोपहर भर चलता रहा प्रदर्शन

उल्लेखनीय है कि जिले में पड़ रही भीषण गर्मी के बीच जहां लोग घरों से बाहर निकलने से कतरा रहे हैं तो वहीं चर्च के अवैध निर्माण की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में लोग वहां पहुंच गए थे। साथ ही पूरे दिन तेज धूप के बावजूद लोग जमे रहे। वहीं लोगों का कहना था कि जब तक उक्त निर्माण को नहीं हटाया जाएगा, तब तक वे यहां से नहीं हटेंगे। इसके साथ ही अब लोगों का आक्रोश प्रशासन के ऊपर भी बढने लगा था। जिसको देखते हुए तत्काल कार्रवाई शुरू की गई।

### अतरमरा के पुलिया में 18 किलो गांजा पानी में तैरता मिला

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजिम, 27 अप्रैल।** थाना क्षेत्र पांडुका के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत अतरमरा के बड़े पुलिया में तैर रहे गांजा पैकेट को देखकर लोग हैरान रह गए और इसकी जानकारी जैसे गांव को लगी देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ा यह पहला मौका है जब इस तरह किसी पुल के नीचे पानी में गांजा की पैकेट तैयार रहा है बता दे की ग्राम पंचायत अतरमरा में पहले भी गांजा के अवैध व्यापार को लेकर कई बाते सामने आ चुकी है ।वही अंचल में बड़ी मात्रा में गांजा कारोबार चल रहा है । जतमई मार्ग से या फिर अंदरूनी गांव के रास्तों से यहां तक पहुंचता है।बड़े नहर में यह गांजा की पैकेट लगभग 18 किलो की बताई जा रही है जो छोटे-छोटे पैकेट में है।गांजा तस्करों द्वारा फेंका गया होगा मोहतरा से अतरमरा के बीच पड़ने वाले बड़े पुल में ये पैकेट तैरते देखा जा सकता है।थाना प्रभारी पाण्डुका कृष्ण कुमार जांगड़े से पूछने पर बताया कि खबर मिला है अभी वही देखने जा रहे हैं जांच करने के बाद ही पता चलेगा कि कहां से आया है और कैसे यहां तक पहुंचा है।

# खरसिया के निजी हॉस्पिटल की लापरवाही उजागर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**खरसिया,27 अप्रैल।** शहर रविवार सुबह उस वक्त सनसनी से दहल उठा जब एक निजी हॉस्पिटल से रहस्यमयी ढंग से लापता हुए मरीज की लाश रेलवे लाइन पर बरामद हुई। घटना ने पूरे इलाके में हडक़ंप मचा दिया है। प्रथम दृष्ट्या मामला बेहद संदेहास्पद माना जा रहा है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है और आत्महत्या, हत्या तथा लापरवाही समेत हर एंगल से पड़ताल की जा रही है।

मृतक की पहचान समीपस्थ तेलीकोट निवासी 35 वर्षीय सरोज बंजारे के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार सरोज को पेट दर्द की शिकायत के बाद दो दिन पहले उसे उक्त हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। परिजनों का कहना है कि युवक की हालत सामान्य थी और वह इलाजरत था। शनिवार रात अचानक वह अपने बेड से गायब मिला। इसके बाद परिवारजनों ने अस्पताल परिसर और आसपास काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला।

रविवार सुबह जब रेलवे ट्रैक पर एक युवक का शव मिलने की सूचना फैली तो मौके पर पहुंचकर परिजनों ने पहचान की। शव सरोज बंजारे का निकला। इसके बाद पूरे क्षेत्र में आक्रोश फैल गया। घटना के बाद सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि एक भर्ती मरीज आखिर अस्पताल से कैसे गायब हो गया। क्या अस्पताल में सुरक्षा व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं थी। यदि मरीज मानसिक तनाव में था तो निगरानी क्यों नहीं थी। यदि सामान्य स्थिति में था तो बिना किसी जानकारी के बाहर कैसे निकल गया। इन तमाम सवालों ने अस्पताल प्रबंधन को कठघरे में खड़ा कर दिया है। पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज, अस्पताल स्टाफ की ड्यूटी, परिजनों के बयान और घटनास्थल के साक्ष्यों के आधार पर जांच आगे बढ़ा रही है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद मौत की असली वजह स्पष्ट हो सकेगी।इधर परिजनों और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने निजी हॉस्पिटल प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने अस्पताल पर घोर लापरवाही का आरोप लगाते हुए मृतक परिवार को मुआवजा देने, दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने और अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था की जांच कराने की मांग की है।खरसिया की इस घटना ने निजी अस्पतालों की जवाबदेही, मरीज सुरक्षा और निगरानी व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। अब सबकी नजर पुलिस जांच और प्रशासनिक कार्रवाई पर टिकी हुई है।

### समाजिक समरसता पर जोर लेखराम बोले- साहू समाज शुरू से सेवा में अग्रणी

**अंवरी, 27 अप्रैल।** ग्राम भेंडरवानी में दानवीर भामाशाह जंयती बनाया गया जिसमें मुख्य रूप से लेखराम साहू पुर्व विधायक कुरुद एवं राष्ट्रीय समन्वय पिछड़ा वर्ग कांग्रेस नई दिल्ली उपस्थित रहे उन्होंने कहा कि सामाजिक समरसता पर जोर दिया कहा कि साहू समाज शुरू से समाज सेवा में अग्रणी रहा है। हेल्थ कैंप, कन्या विवाह, रक्तदान, जैसे सेवाभावी कार्यक्रम लगातार आयोजित कर अन्य समाज के लिए प्रेरणा बना रहा है। कार्यक्रम में निरंजन साहू अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू समाज रुद्री ,पुरुषोत्तम साहू परिक्षेत्र समाज सेवक, वीरेंद्र साहू ,मनोहर हिरवानी,बेंद्रा नवागांव से , योगेंद्र जंजीर सहित बड़ी संख्या में समाजिक बन्धु उपस्थित थे।

# लापता किशोर की डैम में मिली लाश



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 27 अप्रैल।** टीपाखोल डैम में एक 12वीं के छात्र की डूबने से मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस ने गोताखोरों के मदद से शव को बाहर निकालकर कार्रवाई शुरू कर दी है। उक्त घटना कोतरारोड थाना क्षेत्र की है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार तमनार के जेपीएल प्लांट में अस्सिटेंट मैनेजर के पद पर पदस्थ दिलीप वैष्णव अपने परिवार के साथ प्लांट के क्वाटर में रहते हैं, इससे उनका 17 साल 6 माह का बेटा सार्थक वैष्णव शनिवार को सुबह अपनी बाइक लेकर घर से घुमने के लिए निकला था, लेकिन रात तक घर वापस नहीं लौटा, इससे परिजनों ने इसकी सूचना तमनार थाना में दी। जिससे पुलिस ने उसके मोबाइल का लोकेशन ट्रेस कर जांच शुरू किया तो उसका लोकेशन टीपाखोल क्षेत्र में बताया, जिससे पुलिस खोज करते हुए रविवार को सुबह टीपाखोल डेम पहुंचे तो उसकी बाइक व चप्पल डैम के पास मिला। इससे आसपास के लोगों से पूछताछ करने पर पता चला कि बाइक शनिवार दोपहर से यहां पर खड़ी है।

इसके बाद पुलिस को पानी में डूबने की शक होने पर तत्काल गोताखोर की टीम बुलाई गई। इससे गोताखोरों ने डैम में उतरकर युवक की तलाश शुरू की, जिससे करीब आधे घंटे तक पानी में खोजबीन करने पर गहरे पानी में उसका शव मिला। जिसके बाद शव को बाहर निकाला गया और घटना की सूचना उसके परिजनों को देते हुए शव को जिला अस्पताल भेजा गया, जहां कोतरारोड पुलिस ने मर्ग कायम कर पीएम उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया है।

**दोस्तों को भी नहीं थी जानकारी**

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शनिवार से सार्थक वैष्णव के लापता होने पर उसके परिजनों ने पहले उसके दोस्तों से पूछताछ किया, लेकिन दोस्तों ने बताया कि आज उससे संपर्क नहीं हुआ है। जिसके बाद घटना की सूचना पुलिस को दी गई। वहीं अस्पताल पहुंचे लोगों ने बताया कि सार्थक को तैरने नहीं आता था, इसके बाद भी डैम पहुंच गया था, ऐसे में हो सकता है, हाथ-पैर धोने के लिए पानी के पास गया होगा तो उसमें गिरने से गहरे पानी में चले जाने से डूब गया होगा। हालांकि अब पीएम रिपोर्ट आने के बाद मर्ग जांच उपरांत ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा।

# जॉब दिलाने के बहाने ननद-भाभी से छेड़छाड़, आरोपी गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 27 अप्रैल।** जॉब दिलाने के नाम पर महिला और नाबालिग को झांसे में लेकर छेडख़ानी करने वाले आरोपी को घरघोड़ा पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 24 अप्रैल को नाबालिग पीड़िता ने घरघोड़ा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी भाभी को 16 अप्रैल को एक अज्ञात युवक ने मोबाइल पर कॉल कर स्वयं को विजय बताकर कहा कि वह रायगढ़ की कंपनियों में नौकरी दिलाता है। इससे उसकी भाभी उसे काम दिलाने के लिए बोली थी। इससे उक्त व्यक्ति 22 अप्रैल को उसी मोबाईल नंबर से पुनः इसकी भाभी को फोन करके बताया कि काम मिल गया है एक बार ग्राम अमलीडीह घरघोड़ा आकर मुझसे मिलो। तब उसकी भाभी के साथ बस से ग्राम अमलीडीह घरघोड़ा गये, शाम लगभग 05.30 बजे फोन कर अमलीडीह से ग्राम चिमटापानी के पास बुलाया, तब दूसरी बस से चिमटापानी रात करीब 08.00 बजे पहुंचे, बस से उतरे जहां एक व्यक्ति आकर हमसे मिला और बताया कि वह विजय है और वह अपने ग्रे रंग की कार में दोनों को बैठाया और सुनसान स्थान पर ले गया, जहां बातचीत के दौरान पहले महिला के साथ गलत नियत से छेडख़ानी की और विरोध करने पर नाबालिग के साथ भी जबरदस्ती करने का प्रयास किया। विरोध करने पर दोनों को जान से मारने की धमकी देकर आरोपी कार से फरार हो गया। इससे पीड़िता की रिपोर्ट पर घरघोड़ा पुलिस ने धारा 74,75 (2), 76 ,351 (3) बी.एन.एस. एवं 8 पॉक्सो एक्ट कायम एवं 8 पॉक्सो एक्ट कायम पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की गई। ऐसे में जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी का मोबाइल नंबर जांच किया तो आरोपी का पहचान सुरेन्द्र बेहरा निवासी रायकेरा के रूप में हुई, इससे दबिश देकर आरोपी को कार सहित गिरफ्तार कर दोनों पीड़िताओं से आरोपी व कार की शिनाख्त कराई गई।

वहीं पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह लेबर ठेकेदारी का काम करता है, उसने फर्जी नाम 'विजय' बताकर नौकरी दिलाने के बहाने महिला को बुलाना स्वीकार किया। जिससे एट्रोसिटी की धाराएं विस्तारित कर पुलिस ने आरोपी से घटना में प्रयुक्त मोबाइल एवं मारूति

# जनपद पंचायत की बैठक में पीएचई के एसडीओ को हटाने का प्रस्ताव पारित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजिम, 27 अप्रैल।** जनपद पंचायत फिंगेश्वर की विशेष बैठक में अधिकारियों के रवैये से व्यथित जनपद सदस्यों ने पीएचई के अनुविभागीय अधिकारी नवीन साहू को जनहित में तत्काल हटाने संबंधी सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया। इससे पूरे प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया है। शुक्रवार को आयोजित बैठक में जल जीवन मिशन योजना में व्यापक लापरवाही एवं मनमानी से ग्रामीणों को भीषण गर्मी में पानी की आपूर्ति में हो रही अनियमितता पर जमकर चर्चा हुई। जनपद सदस्यों का कहना था कि ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा को लेकर आम जनता परेशान है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इस दिशा में अपेक्षित गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं।

जनपद अध्यक्ष इंद्राणी नेहरू साहू ने कहा कि जल जीवन मिशन के कार्यों में गुणवत्ता की कमी एवं पानी की समस्या तथा बोर खनन पर लापरवाहीपूर्वक जवाब देने के कारण एसडीओ नवीन साहू को हटाने का प्रस्ताव पारित किया गया है। उन्होंने बताया कि यदि कोई भी अधिकारी अपने दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई के लिए शासन को अनुशंसा की जाएगी। वही, जनपद उपाध्यक्ष सतीश यादव ने बताया कि बैठक में जब पीएचई विभाग से पिछले एक वर्ष में बोर खनन की जानकारी ली गई तो पता चला कि एक भी बोर खनन नहीं किया गया है। विभागीय मशीन पिछले 6 महीने से खराब है और 1 मशीन देवभोग में कार्यरत है। विभाग के पास नट-बोल्ट खरीदने के लिए पैसा नहीं है। नवीन साहू ने बताया कि मशीन खराब की जानकारी जिला अधिकारियों को दी गई है। हम अपने जेब से नहीं बनवा सकते। इसी कारण इस वर्ष एक भी बोर खनन नहीं हो पाया है।बैठक में जनप्रतिनिधियों ने यह भी कहा कि अब जवाबदेही तय होगी और काम के प्रति लापरवाह रवैया अपनाने वालों पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इस निर्णय को जनपद क्षेत्र में प्रशासनिक जवाबदेही की दिशा में एक सख्त कदम माना जा रहा है। बैठक में जनपद अध्यक्ष इंद्राणी नेहरू साहू, उपाध्यक्ष सतीश यादव, सभापति नंदू यादव, दिलीप साहू, मंजू साहू, राधेश्याम साहू, नीतू साहू, हीरामणी साहू, आशीष पांडे, सीमा शर्मा, रामेश्वरी कुर्रे, नीता साहू, गोदावरी साहू, रूखमणी सिंह, उमा साहू मौजूद थे।

### जल जीवन मिशन की बदहाली के पांच मुख्य बिंदु

1. **36 करोड़ की योजना अधर में-** फिंगेश्वर नगर पंचायत में 2022-23 में 36 करोड़ की अमृत जल जीवन मिशन योजना स्वीकृत हुई थी, लेकिन 90त्न काम पूरा होने के बावजूद घरों तक पानी नहीं पहुंच रहा।
2. **पुरानी पाइपलाइन तबाहद्ध-** नई पाइपलाइन बिछाने के दौरान पुरानी लाइन को बेतरतीब तरीके से तोड़ दिया गया, जिससे वैकल्पिक व्यवस्था भी ठप हो गई।
3. **सरगी नाला का एनीकेट सूखा-**योजना के तहत पानी रोकने के लिए बनाया गया एनीकेट बांध में पानी का अभाव है, जिससे टंकी तक पानी नहीं पहुंच रहा।
4. **टैंकर व्यवस्था भी फेल-** नगर पंचायत द्वारा टैंकर से पानी दिया जा रहा है, पर यह सिर्फ कुछ वार्डों तक सीमित है। अधिकांश वार्डों में पेयजल की भारी किल्लत है।
5. **केंद्र की डेडलाइन मिस-** जल जीवन मिशन के तहत 2024 तक हर घर नल से जल का लक्ष्य था, लेकिन ब्लॉक के ग्रामीण इलाकों में 70 प्रतिशत से ज्यादा घर अब भी वंचित हैं।

# हत्या के प्रयास मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल




**राजनांदगांव 27 अप्रैल।** प्रार्थी अनुप यादव उर्फ मुण्डु पिता राजेश कुमार यादव उम्र 29 वर्ष साकिन बल्देवबाग मोती तालाब जिला सहकारी बैंक के पीछे राजनांदगांव का थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 24-25/04/2026 के दरम्यानी रात्रि में अपने दोस्त शोएब खान का बर्थडे मनाने गांधी चौक राजनांदगांव गया था, केक काटने के बाद बर्थडे सेलीब्रेट कर रहे थे, कि इस दौरान राकेश सोनी उर्फतुफान का किसी बात को लेकर महमूद अली के साथ विवाद होने पर यह छुड़ाया। इसी बात को लेकर राकेश सोनी उर्फ तुफान एवं राकेश श्रीवास द्वारा चाकु निकाल कर इसके गले में वार किया, जो अपने बचाव करने के लिए बांये हाथ से रोकने पर अंगुठा एवं उंगली में के बीच चोट लगकर खून बहने लगा, यदि हाथ से नहीं रोकता तो अवश्य ही गले कों चाकु से वार कर काट देना बताया। कि रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलॉफ अप0क्र0 223/26 धारा 109 (1), 3 (5) भारतीय न्याय संहिता कायम कर मामले की गंभीरता को देखते हुए घटना से वरिष्ठ अधिकारियों को तत्काल अवगत कराया गया।

पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा (भा0पु0से0) के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कीर्तन राठौर (रा0पु0से0) तथा नगर पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री अलेक्जेण्डर किरों (रा0पु0से0) के मार्गदर्शन एवं निरीक्षक मिलन सिंह थाना प्रभारी कोतवाली के नेतृत्व में आरोपियों के पतासाजी हेतु टीम टाउन रवाना कर आरोपी राकेश श्रीवास पिता रिघु श्रीवास उम्र 43 वर्ष साकिन गौशाला मार्केट गांधी चौक राजनांदगांव को घेराबंदी कर पकड़ा गया, पूछताछ पर अपने साथी राकेश सोनी उर्फ तुफान के साथ अपराध कारित करना स्वीकार किया। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक धारदार चाकु जप्त कर दिनांक 25.04.2026 को विधिवत गिरफ्तार कर आज दिनांक 26-04-2026 को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। दूसरा आरोपी राकेश सोनी उर्फ तुफान थाने का सूचीबद्ध गुण्डा बदमाश है, जो घटना बाद फरार है जिसकी सरगर्मी से तलाश की जा रही है, जिसे शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जावेगा।

आरोपी राकेश श्रीवास आदतन अपराधी है- इसके विरूद्ध पूर्व में अप0क्र0 130/15 धारा 3, 4 जुंआ एक्ट, अप0क्र0 125/21 धारा 4 (क) जुंआ एक्ट, अप0क्र0 371/22 धारा 294, 323, 327, 506 भादवि0., अप0क्र0 528/23 धारा 294, 324, 506, 34 भादवि0, 25 आर्म्स एक्ट के मामले में चालानी कार्यवाही किया गया है। मामले का प्रार्थी अनूप यादव उर्फ मुंडू भी आदतन अपराधी है जिसके विरुद्ध मारपीट, आबकारी एक्ट, जुआ एक्ट, चाकूबाजी जैसे कई गंभीर अपराध विभिन्न थानों में दर्ज है। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक मिलन सिंह, उप निरी0 धनीराम नारंगे, प्र0आर0 संदीप चौहान, आरक्षक पूरन वर्मा, अश्वनी ठाकुर की सराहनीय भूमिका रही।

## एक नजर

### शाही संदल जुलूस के साथ उर्स का आगाज, दरगाह में हुई पहली चादरपोशी



**राजनांदगांव 27 अप्रैल। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** दरगाह शरीफके सालाना उर्स मुबारक की शुरुआत परंपरागत शाही संदल जुलूस के साथ भव्य रूप से हुई। दरगाह कमेटी की ओर से निकाले गए इस जुलूस के साथ उर्स की पहली चादरपोशी की रस्म अदा की गई। इस मौके पर बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल हुए और पूरे क्षेत्र में धार्मिक आस्था एवं भाईचारे का माहौल देखने को मिला। शहर के पारी नाला स्थित दरगाह शरीफमें सालाना उर्स मुबारक का आगाज़ शनिवार को शाही संदल जुलूस के साथ किया गया। दरगाह कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद इरफान शेख ने बताया कि दरगाह कमेटी की ओर से निकाला गया शाही संदल जुलूस उर्स का पहला चादरपोशी कार्यक्रम होता है, जो हर वर्ष श्रद्धा और परंपरा के साथ आयोजित किया जाता है। जुलूस में बड़ी संख्या में अकीदतमंद, समाजजन एवं क्षेत्रवासी शामिल हुए। लोगों ने दरगाह पहुंचकर मजार शरीफपर चादर पेश की और मुल्क में अमन-चैन, तरक्की तथा खुशहाली की दुआ मांगी। जुलूस के दौरान जगह-जगह स्वागत किया गया तथा श्रद्धालुओं में खासा उत्साह नजर आया। उर्स के शुभ अवसर पर दरगाह परिसर को आकर्षक रोशनी और सजावट से सजाया गया है। आयोजन समिति द्वारा जायरीनों के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। आने वाले दिनों में कव्वाली, फातेहा और अन्य धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा। दरगाह कमेटी ने सभी अकीदतमंदों से उर्स में शामिल होकर दुआओं में शरीक होने की अपील की है। उक्त जानकारी जहीर अब्बास ने दी है।

### महापौर मधुसूदन यादव के प्रयासों से नई पाइपलाइन विस्तार कार्य शुरू: आशीष डोंगरे

**राजनांदगांव 27 अप्रैल। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगर पालिक निगम के लोकप्रिय महापौर मधुसूदन यादव के अथक प्रयासों से लखोली क्षेत्र के सेठी नगर और आसपास के वार्डवासियों को बड़ी राहत मिलने जा रही है। लखोली गंज चौक से सेठी नगर तक 8 एमएम की नई पाइपलाइन विस्तार कार्य प्रारंभ हो गया है जिससे क्षेत्र में लंबे समय से बनी पेयजल समस्या का स्थायी समाधान होने की उम्मीद जताई जा रही है। पूर्व पार्षद प्रतिनिधि एवं भाजपा युवा नेता आशीष डोंगरे ने इस कार्य को जनहित में बेहद सराहनीय बताते हुए कहा कि भीषण गर्मी के मौसम में पानी की समस्या से लोग परेशान रहते हैं ऐसे समय में महापौर मधुसूदन यादव द्वारा पाइपलाइन विस्तार कार्य शुरू कराया जाना क्षेत्रवासियों के लिए बड़ी सौगात है। इससे न केवल वर्तमान गर्मी में राहत मिलेगी बल्कि आने वाले समय में भी सेठी नगर लखोली और आसपास के लोगों को जल संकट का सामना नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि महापौर यादव लगातार शहर के विकास और मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए सक्रियता से कार्य कर रहे हैं। उनके प्रयासों का ही परिणाम है कि वार्ड क्रमांक 36 में पानी जैसी महत्वपूर्ण समस्या के समाधान की दिशा में ठोस पहल की गई है। नई पाइपलाइन बिछने से क्षेत्र में जल आपूर्ति व्यवस्था मजबूत होगी और नागरिकों को नियमित पानी उपलब्ध हो सकेगा। इस कार्य के शुरू होने से पूरे लखोली वार्ड में खुशी का माहौल है और स्थानीय नागरिकों ने महापौर के प्रति आभार व्यक्त किया है। श्री डोंगरे सहित वार्डवासियों ने महापौर मधुसूदन यादव का धन्यवाद करते हुए कहा कि जनसमस्याओं के प्रति उनकी संवेदनशीलता और तत्परता प्रशंसनीय है। जनता को उम्मीद है कि इसी तरह भविष्य में भी क्षेत्र के विकास कार्य निरंतर जारी रहेंगे।

दिव्यांगों को मिली बस, जरूरतमंदों को सहायता सामग्री, 101 सदस्यों के साथ बना जिले का सबसे बड़ा क्लब

# सिटी लायंस क्लब की आधिकारिक यात्रा संपन्न, सेवा कार्यों और उपलब्धियों से गूंजा शहर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**राजनांदगांव 27 अप्रैल।** सेवा, समर्पण और संगठन शक्ति का शानदार उदाहरण उस समय देखने को मिला जब लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी की आधिकारिक यात्रा भव्य एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुई। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान गणेश की वंदना के साथ हुई। आयोजन स्थल सीआरसी दिव्यांग संस्था, ठाकुर टोला परिसर रहा, जहां समाजसेवी उद्योगपति एमजेएफ लायन बलदेव सिंह भाटिया द्वारा संस्था को बस भेंट की गई।

इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ लायन विजय अग्रवाल, पद्मश्री लायन डॉ. पुखराज बाफ्ना (पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर), रीजन चेयरपर्सन एमजेएफ लायन राजकुमार शर्मा, जोन चेयरपर्सन लायन शारदा तिवारी सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी की संयुक्त आधिकारिक यात्रा का सफल आयोजन लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष एमजेएफ लायन अमित खंडेलवाल ने क्लब द्वारा वर्षभर किए गए सेवा कार्यों, सामाजिक गतिविधियों एवं सदस्यता विस्तार की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि मिशन 1.5 सदस्यता अभियान के तहत पूरे डिस्ट्रिक्ट में सर्वाधिक नए सदस्य जोड़कर क्लब ने नया कीर्तिमान स्थापित किया है। राजनांदगांव सिटी क्लब को पूरे डिस्ट्रिक्ट का सबसे बड़ा क्लब होने का गौरव भी प्राप्त हुआ है, जहां कुल 101 सदस्य सक्रिय रूप से जुड़े हैं। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर पदाधिकारियों द्वारा मेडल, पिन एवं प्रमाण पत्र देकर क्लब को सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में अध्यक्ष अमित खंडेलवाल ने कहा कि यह सफलता क्लब के सभी सदस्यों, वरिष्ठजनों और मार्गदर्शकों के सहयोग से संभव हुई है। उन्होंने विशेष रूप से पद्मश्री डॉ. पुखराज बाफ्ना एवं लायन शारदा तिवारी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके अनुभव और मार्गदर्शन से क्लब निरंतर नई उपलब्धियां हासिल कर रहा है। लायंस क्लब सिटी के लिए यह अत्यंत गौरव और सम्मान का क्षण रहा कि क्लब के सदस्य एमजेएफ लायन अमित खण्डेलवाल एवं पीएमजेएफ लायन बल्देव सिंह भाटिया जी को सम्मानित किए जाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस उपलब्धि के साथ क्लब ने एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। यह सम्मान पूरे क्लब परिवार के लिए प्रेरणा, गर्व और हर्ष का विषय है। कार्यक्रम में लायन सुनील बर्डिया ने डिस्ट्रिक्ट गवर्नर विजय अग्रवाल का जीवन परिचय प्रस्तुत किया। वहीं क्लब सचिव लायन मयंक शर्मा ने बीते 9 महीनों में किए गए सामाजिक कार्यों एवं सेवा गतिविधियों की क्रमवार जानकारी दी। कोषाध्यक्ष लायन सुरेश शर्मा ने वित्तीय लेखा-जोखा प्रस्तुत कर पारदर्शिता का परिचय दिया। अध्यक्ष अमित खंडेलवाल एवं उनकी टीम ने सभी अतिथियों का ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया। इसके बाद दिव्यांग संस्था को प्रदान की गई बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर युवा अध्यक्ष अमित खंडेलवाल एवं डिस्ट्रिक्ट गवर्नर विजय अग्रवाल (कोरबा) का जन्मदिन भी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल, आवश्यक किट एवं अन्य जरूरतमंद सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्रीमती स्मिता महोबिया (डायरेक्टर, सीआरसी), लायन सुशील पसारी, नंदकुमार अग्रवाल, प्रकाश सांखला, सुनील बर्डिया, सुदामा मोटलानी, रमेश गुप्ता, राजेश जैन राजू भाई, लायन शोभा चौरसिया, टीना खंडेलवाल, कंचन चौबे, मुकेश चौबे, संजय तेजवानी, तरणदीप अरोरा, रणदीप भाटिया, अशोक पवार, चंद्रिका सिन्हा, नरेंद्र साहू, नमन नशीने सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे। ध्वज वंदन का पाठ लायन कंचन चौबे द्वारा किया गया। कार्यक्रम के पश्चात पेंड्री स्थित होटल राज इंपीरियल के समीप संस्कारधानी लायंस राजनांदगांव सिटी आपका हार्दिक स्वागत अभिनंदन करता है का स्वागत बोर्ड भी लगाया गया। पूरे कार्यक्रम का संचालन लायन गौतम बाफ्ना ने प्रभावशाली और आकर्षक अंदाज में किया, जिसकी सभी ने सराहना की। लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी का यह आयोजन सेवा भावना, सामाजिक प्रतिबद्धता और संगठन क्षमता का उत्कृष्ट उदाहरण बनकर सामने आया। कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि संगठित प्रयासों से समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है।

## खुशियां बांटे अभियान संस्था ने किया सम्मानित



■ प्रकृति मित्र और गौ सेवक सम्मान से नवाजी गई उत्कृष्ट संस्थाएं

**रायपुर 27 अप्रैल।** राजधानी रायपुर के तेलीबांधा स्थित एक निजी माल में प्रकृति मित्र और गौ सेवक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। खुशियां बांटे अभियान संस्था द्वारा आयोजित इस सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य बाल संरक्षण आयोग के अध्यक्ष डॉ वर्णिका शर्मा थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ी साहित्यकार एवं चिकित्सक डॉ. गीतेश अमरोहित थे। संस्था के संस्थापक सौरभ बख्शी ने बताया कि इस अवसर पर राज्य भर के बीस से अधिक स्वयंसेवी संस्थाओं एवं व्यक्तियों को पर्यावरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु प्रकृति मित्र सम्मान 2026 से सम्मानित किया गया। वही गो-पालन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले गौ सेवकों का भी इस अवसर पर सम्मान किया गया. उक्त कार्यक्रम में खुशियां बांटे अभियान संस्था के समस्त पदाधिकारीगण और बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

## सरजू प्रसाद धृतलहरे ब्लॉक किसान कांग्रेस के अध्यक्ष नियुक्त




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा 27 अप्रैल।** अडबंधा निवासी श्री दिनेश साहू को जिला किसान कांग्रेस के अध्यक्ष श्री सरजू प्रसाद धृतलहरे द्वारा सिमगा ब्लॉक किसान कांग्रेस का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति से क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं किसानों में हर्ष और उत्साह का वातावरण है। इस अवसर पर विधायक श्री इन्द्र साव ने श्री दिनेश साहू को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे किसानों की समस्याओं को सदैव प्रमुखता से उठाते रहे हैं और आगे भी पूरी मजबूती के साथ किसानों की आवाज बनकर कार्य करेंगे। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में सिमगा ब्लॉक किसान कांग्रेस और अधिक सक्रिय एवं सशक्त होगी। श्री दिनेश साहू की नियुक्ति पर विधायक प्रतिनिधि शैली भाटिया, पूर्व पार्षद दशरथ चंद्राकर, किसान नेता अयूब मेमन, मंडल अध्यक्ष हीरालाल साहू, श्याम लाल देवांगन, लोकनाथ साहू, पार्षद परदेशी सोनकर, याकूब कुरैशी, गोलू पाटकर, अजीत भट्ट सहित अनेक कांग्रेसजनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इस नियुक्ति के लिए विधायक श्री इन्द्र साव एवं जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष श्री सरजू प्रसाद धृतलहरे का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन को एक ऊर्जावान एवं जुझारू नेतृत्व मिला है।

# कलेक्टर ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 27 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड अंतर्गत उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा का कलेक्टर श्री जितेंद्र यादव द्वारा विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया तथा व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। कलेक्टर ने परीक्षा केंद्रों में प्रवेश व्यवस्था, अभ्यर्थियों की फ्रिस्किंग, पहचान सत्यापन एवं कक्षों में बैठने की व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्राध्यक्षों एवं ड्यूटी में तैनात अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी एवं नकल-मुक्त रहे तथा निर्धारित दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए।

उल्लेखनीय है कि जिले में इस परीक्षा हेतु कुल 99 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। परीक्षा के सुचारू संचालन हेतु जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था, फ्लाइंग स्क्वॉड, प्रेक्षक दल, फ्रिस्किंग एवं निगरानी की समुचित व्यवस्था की गई है कलेक्टर ने समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा की गोपनीयता एवं निष्पक्षता बनाए रखते हुए सभी प्रक्रियाओं का गंभीरता से पालन किया जाए। उन्होंने अभ्यर्थियों से भी अनुशासन बनाए रखने एवं प्रशासन के साथ सहयोग करने की अपील की।

## पहाड़ी कोरवा बेटी शाम कुमारी के सपनों को मिले पंख

**रायपुर, 27 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ की विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा समुदाय की महिलाएं, सरकारी योजनाओं और अपनी मेहनत के दम पर आत्मनिर्भरता की नई मिसाल कायम कर रही हैं। इसी कड़ी में सरगुजा जिले के धौरपुर क्षेत्र की रहने वाली शाम कुमारी पहाड़ी कोरवा की सफलता की कहानी अन्य युवाओं के लिए प्रेरणा बन गई है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की मार्गदर्शन और जिला प्रशासन के पहल पर शाम कुमारी को स्वास्थ्य विभाग में रोजगार उपलब्ध कराया गया है, जिससे अब वे अपनी उच्च शिक्षा का सपना स्वयं के दम पर पूरा कर रही हैं। सरगुजा जिले के विकासखंड लुंड्रा के ग्राम पंचायत चिरमुण्डा निवासी शाम कुमारी वर्तमान में बी.एससी. अंतिम वर्ष की छात्रा हैं।

# वादों की राजनीति बंद करो, जनता को हकीकत का हिसाब दो: हफीज खान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 27 अप्रैल।** नगर निगम के आगामी बजट से पहले शहर की राजनीति गर्म हो गई है। नगर निगम के वरिष्ठ कांग्रेस पार्षद हफीज खान ने महापौर और निगम प्रशासन की कार्यप्रणाली पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि निगम की व्यवस्था अब ऐसे मोड़ पर खड़ी है जहां वादों और इरादों के बीच की दूरी बहुत गहरी हो चुकी है। हर साल नया बजट आता है नई उम्मीदें जगाई जाती हैं लेकिन अंत में शहरवासियों के हाथ सिर्फनिराशा लगती है। उन्होंने कहा कि अब राजनांदगांव की जनता को दिखावटी योजनाएं नहीं बल्कि जमीन से जुड़ा और हकीकत वाला बजट चाहिए। हफीज खान ने कहा कि विकास का मतलब सिर्फ शहर की चमक-दमक बढ़ाना नहीं है बल्कि बुनियादी ढांचे को मजबूत करना है। शहर की जनता को मरीन ड्राइव जैसे सौंदर्यीकरण प्रोजेक्टों से ज्यादा जरूरत निर्बाध पेयजल आपूर्ति, बेहतर ड्रेनेज व्यवस्था, जलती स्ट्रीट लाइट, चौड़ी सड़कें और सुगम यातायात की है। उन्होंने कहा कि जब शहर की मूलभूत जरूरतों के लिए बजट कम पड़ रहा है तब दिखावटी परियोजनाओं के लिए राशि आवंटित करना जनता के साथ मजाक है। उन्होंने ने स्पष्ट कहा कि हकीकत का बजट वही होगा जिसमें प्राथमिकता पहले पानी, नाली, बिजली और सड़क को दी जाए। इसके बाद ही सौंदर्यीकरण जैसी योजनाओं पर विचार होना चाहिए। उन्होंने मांग की कि नए बजट से पहले पिछले बजट में किए गए कार्यों की रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए और अधूरे कामों को पूरा करने की समय सीमा तय की जाए। हफीज खान ने निगम के पिछले करीब 700 करोड़ रुपए के बजट को विफल बताते हुए कहा कि सुनहरे शहर का सपना दिखाया गया था लेकिन अधिकांश योजनाएं या तो अधूरी हैं या शुरू ही नहीं हुईं। उन्होंने कुछ प्रमुख योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा पेयजल व्यवस्था 6.58 करोड़ रुपये, अधूरी, नाला निर्माण 3.50 करोड़ रुपये, अधूरा विभिन्न चौराहों का सौंदर्यीकरण अधूरा, मोहरा और पारटीनाला वाटर ट्रीटमेंट प्लांट 37 करोड़, काम शुरू नहीं मोंगरा बैराज डायवर्सन 15 करोड़, शुरू नहीं मैदान निर्माण 50 लाख, शुरू नहीं पार्क, ओपन जिम और अन्य सौंदर्यीकरण कार्य भी अधूरे है। उन्होंने कहा कि जब पिछले वर्षों के बजट जनता को छलावा साबित हुए हैं तो अब लोग आंकड़ों और घोषणाओं पर भरोसा करने से कतरा रहे हैं। हफीज खान ने नगर निकाय चुनाव 2025 के दौरान जारी संकल्प पत्र की याद दिलाते हुए कहा कि महिलाओं के नाम दर्ज संपत्तियों पर 25 प्रतिशत प्रॉपर्टी टैक्स छूट और हर माह 7 तारीख से पहले कर जमा करने वालों को 10 प्रतिशत छूट देने का वादा किया गया था लेकिन आज तक अमल नहीं हुआ। उन्होंने छात्राओं के लिए स्कूल और कॉलेजों में फ्री सैनिटरी नैपकिन उपलब्ध कराने, पुरानी संपत्ति कर बकाया राशि को बिना ब्याज और जुर्माने के समाधान योजना से निपटाने जैसे वादों को भी अधूरा बताया। उन्होंने कहा कि खरखरा डैम से राजनांदगांव शहर को पानी देने के लिए 50 करोड़ रुपए की पाइपलाइन बिछाई गई लेकिन आज तक उसे चालू नहीं कराया गया। इसे तत्काल शुरू किया जाना चाहिए।

### न्यायालय तहसीलदार लाल बहादुर नगर, जिला-राजनांदगांव

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 202604094500004/अ-74-वर्ष/2025-26

एतद सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक नारदराम पिता मनराखन जाति कंवर निवासी ग्राम भेलवाटोला तहसील लालबहादुर नगर जिला राजनांदगांव द्वारा ग्राम भेलवाटोला पटवारी हल्का नं. 11 रा.नि.मं. लालबहादुर नगर तहसील लालबहादुर नगर जिला राजनांदगांव में स्थित शामिलात नाम की कृषि भूमि खसरा नं. 86, 93, 156, 186/1 रकबा 1.266, 0.478, 2.322, 0.174 हेक्टेयर भूमि कुल खसरा 04 कुल रकबा 4.240 हेक्टेयर भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि का ऋण पुस्तिका कही गुम हो चुका है। उक्त भूमि का ऋण पुस्तिका कही गुम हो जाने के कारण आवेदक को शासकीय एवं अर्धशासकीय कार्य में परेशानी हो रही है। उक्त भूमि का डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन पत्र मय बी-1, अदेय प्रमाण पत्र तथा प्रथम सूचना रिपोर्ट, चलान की मूल प्रति पेश किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह दिनांक 01.05.2026 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत समयावधि में आपत्ति प्राप्त नही होने के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 10.04.2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर तहसीलदार लाल बहादुर नगर

### न्यायालय तहसीलदार लाल बहादुर नगर, जिला-राजनांदगांव

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 202604094500005/ब-121-वर्ष/2025-26

एतद सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक नारदराम पिता मनराखन जाति कंवर निवासी ग्राम भेलवाटोला तहसील लालबहादुर नगर जिला राजनांदगांव द्वारा ग्राम भेलवाटोला पटवारी हल्का नं. 11 रा.नि.मं. लालबहादुर नगर तहसील लालबहादुर नगर जिला राजनांदगांव में स्थित शामिलात नाम की कृषि भूमि खसरा नं. 144/4, 177, का रकबा क्र. 0.283, 1.404 हेक्टेयर भूमि कुल खसरा 02 कुल रकबा 1.687 हेक्टेयर भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि का ऋण पुस्तिका कही गुम हो चुका है। उक्त भूमि का ऋण पुस्तिका कही गुम हो जाने के कारण आवेदक को शासकीय एवं अर्धशासकीय कार्य में परेशानी हो रही है। उक्त भूमि का डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन पत्र मय बी-1, अदेय प्रमाण पत्र तथा प्रथम सूचना रिपोर्ट, चलान की मूल प्रति पेश किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह दिनांक 01.05.2026 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत समयावधि में आपत्ति प्राप्त नहीं होने पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 10.04.2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर तहसीलदार लाल बहादुर नगर

### न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202604092200034

विषयः- ब-121 मामले की श्रेणीः- राजस्व सनः- 2025-2026

**डोंगरगढ़ प.ह.न. 00025 [(हे.)]**
**पक्षकारों का विवरण -**
**आवेदक पक्षकार -एहसानुल हक,**
**अनावेदक पक्षकार -**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक एहसानुल हक आ. करामुल हक जाति मुसलमान निवासी डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक के पुत्र शमसुल हक पिता एहसानुल हक का जन्म दिनांक 30/06/1984 को स्थान डोंगरगढ़ में हुआ है, के नाम पर जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 04/05/2026 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 16/04/2026 को जारी किया जाता है।

मुहर तहसीलदार डोंगरगढ़

### न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202604092200032

विषयः- ब-121 मामले की श्रेणीः- राजस्व सनः- 2025-2026

**डोंगरगढ़ प.ह.न. 00025 [(हे.)]**
**पक्षकारों का विवरण -**
**आवेदक पक्षकार -एहसानुल हक,**
**अनावेदक पक्षकार -**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक एहसानुल हक आ. करामुल हक जाति मुसलमान निवासी डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक के पुत्र जैनुल हक पिता एहसानुल हक का जन्म दिनांक 18/01/1993 को स्थान डोंगरगढ़ में हुआ है, के नाम पर जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 04/05/2026 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 16/04/2026 को जारी किया जाता है।

मुहर तहसीलदार डोंगरगढ़

### न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202604092200033

विषयः- ब-121 मामले की श्रेणीः- राजस्व सनः- 2025-2026

**डोंगरगढ़ प.ह.न. 00025 [(हे.)]**
**पक्षकारों का विवरण -**
**आवेदक पक्षकार -एहसानुल हक,**
**अनावेदक पक्षकार -**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक एहसानुल हक आ. करामुल हक जाति मुसलमान निवासी डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक के पुत्र जियाऊल हक पिता एहसानुल हक का जन्म दिनांक 12/04/1990 को स्थान डोंगरगढ़ में हुआ है, के नाम पर जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 04/05/2026 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 16/04/2026 को जारी किया जाता है।

मुहर तहसीलदार डोंगरगढ़

# छत्तीसगढ़ में गर्मी का कहर!

**■ रायपुर में अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस से अधिक**




**रायपुर 27 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ में बस्तर को छोड़कर बाकी सभी इलाकों में गर्मी का कहर देखने को मिल रहा है. लगातार दूसरे दिन रायपुर में अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस से अधिक रहा. मौसम विभाग ने सोमवार को राजधानी में और ज्यादा गर्मी पड़ने का पूर्वानुमान जताया है. लू चलने की चेतावनी जारी करते हुए मौसम विभाग ने कहा है कि अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस पहुंच सकता है.

जानकारी के अनुसार 24 घंटों में छत्तीसगढ़ में अधिकतम तापमान में विशेष परिवर्तन नहीं आया. प्रदेश में सर्वाधिक अधिकतम तापमान 44.4 डिग्री सेल्सियस बिलासपुर में दर्ज किया गया. रविवार को भीषण गर्मी के चलते लोग घरों में रहे. जरूरी काम से निकलने वाले सिर पर कपड़ा बाँधे या छतरी लिए नजर आए.भौगोलिक संदर्भ मौसम विभाग ने रायपुर शहर के लिए स्थानीय पूर्वानुमान जारी किया है. 27 अप्रैल को रायपुर में ग्रीष्म लहर चलने की संभावना है. अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकता है.

**दक्षिणी क्षेत्रों में राहत:** मौसम विज्ञानी एच.पी. चंद्रा ने बताया कि प्रदेश के दक्षिणी भाग में बंगाल की खाड़ी से नमी युक्त हवाओं का आगमन प्रारंभ हो चुका है. पूर्वी उत्तर प्रदेश और उसके आसपास एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है. वहीं उत्तर पूर्व झारखंड में दूसरा ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण फैला है. इसके अलावा मध्य प्रदेश के मध्य भाग में तीसरा ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण फैला हुआ है. इसके चलते प्रदेश में एक-दो स्थानों पर बहुत हल्की से हल्की वर्षा होने की संभावना है. एक-दो स्थानों पर गरज चमक के साथ वज्रपात होने तथा तेज हवा 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे चलने की संभावना है. एक-दो हिस्सों में ग्रीष्म लहर चलने की चेतावनी दी गई है.

**प्रदेश में अधिकतम तापमान:** रायपुर में रविवार को अधिकतम तापमान 44.2 डिग्री सेल्सियस, माना एयरपोर्ट में 43.8 डिग्री, बिलासपुर में 44.4 डिग्री, पेण्ड्रारोड में 42.5 डिग्री, अंबिकापुर में 41.5 डिग्री, जगदलपुर में 38.1 डिग्री और दुर्ग में 43.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया.

**कब मिलेगी गर्मी से राहत?:** मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि अगले 3 दिनों में अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है. उसके पश्चात अधिकतम तापमान में 1 से 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने की संभावना है।

### सबसे गर्म राजनांदगांव

प्रदेश में इस वर्ष राजनांदगांव में तापमान सबसे ज्यादा दर्ज किया जा रहा है. शनिवार को अधिकतम तापमान 45.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था. उसके एक दिन पहले पारा 44.5 डिग्री सेल्सियस था. वहीं इसी माह शनिवार से पहले भी अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया जा चुका है. इसके बाद भी मौसम विभाग ने रविवार को राजनांदगाँव का न तो अधिकतम तापमान जारी किया और ना ही न्यूनतम तापमान।

# छत्तीसगढ़ में मिला 2000 साल पुराना दुर्लभ ताम्रपत्र

**रायपुर 27 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले के मल्हार में ज्ञान भारतम अभियान के तहत संजीव पाण्डेय के निवास से 3 किलोग्राम से अधिक वजन का एक दुर्लभ ताम्रपत्र प्राप्त हुआ है. इसपर लगभग 2000 वर्ष पुरानी ब्राह्मी लिपि और पाली भाषा में लेख उत्कीर्ण हैं. इसीलिए इसे ऐतिहासिक और पुरातात्विक दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है. ब्राह्मी लिपि भारत की प्राचीनतम लिपियों में से एक है, जिसका उपयोग मौर्य काल से प्रारंभ होकर कई शताब्दियों तक होता रहा. वहीं पाली भाषा का संबंध मुख्यतः बौद्ध धर्म के साहित्य और शिक्षाओं से जुड़ा रहा है, जिससे इस खोज का धार्मिक महत्व भी बढ़ जाता है.

विशेषज्ञों के अनुसार, प्राचीन समय में ऐसे ताम्रपत्रों का उपयोग भूमि दान, राजकीय आदेश या धार्मिक घोषणाओं के आधिकारिक दस्तावेज के रूप में किया जाता था. इस ताम्रपत्र का वैज्ञानिक परीक्षण एवं विस्तृत अध्ययन किए जाने पर उस काल की सामाजिक संरचना, प्रशासनिक व्यवस्था और धार्मिक परंपराओं के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हो सकती है. ज्ञान भारतम अभियान के तहत यह खोज न केवल मल्हार क्षेत्र की समृद्ध ऐतिहासिक विरासत को उजागर करती है, बल्कि शोधकर्ताओं, इतिहासकारों और पुरातत्वविदों के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध हो सकती है. उल्लेखनीय है कि संस्कृति मंत्रालय द्वारा ज्ञान भारतम् अभियान के तहत देश की प्राचीन और दुर्लभ पांडुलिपियों के संरक्षण के लिए व्यापक अभियान चलाया जा रहा है. संस्कृति मंत्रालय के मार्गदर्शन में यह पहल गांव-गांव तक पहुंच रही है, जहां ग्राम सभाओं के माध्यम से लोगों को अपनी पुरानी पांडुलिपियों को सुरक्षित रखने और उन्हें सामने लाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है. इस अभियान का उद्देश्य भारत की समृद्ध ज्ञान परंपरा, साहित्य, विज्ञान, चिकित्सा और दर्शन से जुड़े अमूल्य दस्तावेजों का दस्तावेजीकरण और संरक्षण करना है. विशेषज्ञों द्वारा पांडुलिपियों की पहचान कर उनका डिजिटलीकरण किया जा रहा है, ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए इस विरासत को सुरक्षित रखा जा सके. यह अभियान न केवल सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि देश की ऐतिहासिक और बौद्धिक संपदा को पुनर्जीवित करने का भी एक सशक्त प्रयास है।

**एक नजर**

## बंगाल जीत के दावों पर बघेल का वार, बोले- 'भाजपा का ट्रैक रिकॉर्ड ही बता रहा सच'



**रायपुर 27 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पश्चिम बंगाल चुनाव में बीजेपी के जीत के दावों पर कटाक्ष किया है। उन्होंने कहा कि बीजेपी ने बंगाल को लेकर पहले भी दावे किए गए थे, लेकिन दांव उल्टा पड़ा था। भूपेश बघेल ने कहा कि पहले हम लोगों को बीजेपी वाले एटीएम बोलते थे। ओडिशा, झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल और असम सब जगह बीजेपी एसबीआई बन गई है, सब मिलकर लूट रहे हैं, कोई काम नहीं हो रहा है।भौगोलिक संदर्भ विधानसभा के विशेष सत्र को लेकर भूपेश बघेल ने कहा कि अनुमति लेकर सत्र बुलाया गया है, लेकिन उसमें क्या लिखा है? क्या इसमें निंदा प्रस्ताव लाया जा सकता है, यह सवाल है। उन्होंने कहा कि यदि आज लोकसभा में कोई प्रस्ताव पारित होता है, तो क्या उसका प्रभाव यहां भी होगा? क्या यह टकराव नहीं है या सहमति है? उन्होंने आगे कहा कि जो घटनाएं हो चुकी हैं, पहली बात यह है कि सरकार तीन बिल लेकर आई थी और तीनों बिल गिर गए। क्या इस पर चर्चा हो सकती है? पहले यह बताएं क्या केंद्र के विषय में राज्य में चर्चा हो सकती है?

### यदि विपक्ष की निन्दा के लिये विशेष सत्र, तो जनता के धन की बर्बादी : बैज

**रायपुर 27 अप्रैल।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने पत्रकारो से चर्चा करते हुये कहा कि 30 अप्रैल को सरकार ने विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया है। मुख्यमंत्री ने सार्वजनिक मंच से घोषणा किया है कि हम कांग्रेस की निदा करने के लिये विशेष सत्र बुलायेंगे। हालांकि राजभवन ने सत्र का कारण महत्वपूर्ण शासकीय कार्य बताया है। लेकिन मुख्यमंत्री ने जो कारण बताया है यदि वह सही है तो यह जनता के धन की बर्बादी है। जिस विषय पर लोकसभा में चर्चा हो चुकी है उस पर विधानसभा कैसे चर्चा करेगी। यह संसद की अवमानना भी है। विधानसभा के साथ निगमो, पालिकाओ में भी चर्चा करने विशेष आम सभा बुलाई गयी है, भाजपा अपने राजनैतिक एजेंडे के लिये संस्थाओं का दुरुपयोग कर रही है। सरकार को विशेष सत्र बुलाना है तो अपने ढाई साल के कामो की चर्चा के लिये बुलाये। मोदी की गारंटी कितना पूरा किये इस पर चर्चा के लिये बुला ले। महतारी वंदन, 500 सिलेंडर, स्व सहायता समूह को काम, बढ़ती बेरोजगारी, अनियमित कर्मचारियो की नियमितीकरण जैसे अनेको मुद्दे है, जैसे पर चर्चा की जाये। विधानसभा में ही पारित आरक्षण संशोधन विधेयक पर चर्चा करे ले वह क्यों नही लागू हो रहा सरकार इस पर चर्चा करे।

## आधारभूत सुविधाओं के विस्तार से बदलेगा लखनपुर नगर पंचायत का स्वरूप

**रायपुर 27 अप्रैल।** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि लखनपुर का सर्वांगीण विकास सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है और इन परियोजनाओं के माध्यम से नगर की आधारभूत संरचना को और अधिक सुदृढ़ बनाया जाएगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इन कार्यों के पूर्ण होने से नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और क्षेत्र के समग्र विकास को नई गति प्राप्त होगी। नगर पंचायत लखनपुर में विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए आज 283 लाख रूपए की लागत से पूर्ण होने वाली विभिन्न विकास परियोजनाओं का विधिवत भूमिपूजन पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री राजेश अग्रवाल द्वारा किया गया। मंत्री अग्रवाल ने कहा कि आधारभूत सुविधाओं के विस्तार और सुदृढ़ीकरण से छत्तीसगढ़ के लखनपुर नगर पंचायत का स्वरूप तेजी से बदलने की उम्मीद है।

# गर्मी में पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने 15 जुलाई तक नलकूप खनन पर रहेगी रोक



**रायपुर 27 अप्रैल।** कलेक्टर डॉ गौरव सिंह ने रायपुर जिले में 15 जुलाई तक ग्रीष्म ऋतु के दौरान नये नलकूप खनन पर रोक लगा दी है। कलेक्टोरेट से इस संबंध में आदेश भी जारी कर दिया गया है। चालू गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए रायपुर जिले का 15 जुलाई तक जल अभाव ग्रस्त क्षेत्र घोषित किया गया है। गर्मी के मौसम में लोगों को पीने का पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नये नलकूप खोदने पर यह प्रतिबंध लगाया गया है।

जारी किए गए आदेश अनुसार रायपुर जिले में 15 जुलाई 2026 तक की अवधि में बिना सक्षम अधिकारी की पूर्व अनुमति के कोई नया नलकूप खनन नहीं किया जा सकेगा। इस अवधि में पीने के पानी या पेयजल के अलावा अन्य किसी प्रयोजन के लिए भी नया नलकूप खनन नहीं होगा। इस अवधि में किसी भी प्रकार के नये नलकूप खनन के लिए सक्षम अधिकारी से पूर्व अनुमति लेनी होगी। शासकीय-अर्द्धशासकीय एवं नगरीय निकायों को पीने के पानी के लिए अपने क्षेत्र अधिकार सीमा में आने वाले क्षेत्र में नलकूप खनन के अनुमति की जरूरत नहीं होगी।

कलेक्टर डॉ सिंह ने नलकूप खनन की पूर्व अनुमति के लिए प्राधिकृत अधिकारी भी नियुक्त कर दिए है। प्राधिकृत अधिकारी लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग या नगरीय निकाय से रिपोर्ट प्राप्त कर संबंधित क्षेत्र में नये नलकूप खनन की अनुमति दे सकेंगे। प्राधिकृत अधिकारी यह अनुमति छत्तीसगढ़ पेयजल परिरक्षण अधिनियम के प्रावधानों के तहत ही देंगे। रायपुर नगर निगम सीमा के तहत आने वाले क्षेत्र के लिए नये नलकूप खनन की अनुमति अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी द्वारा दी जाएगी। रायपुर राजस्व अनुभाग के तहत आने वाले क्षेत्र के लिए एसडीएम रायपुर, आरंग राजस्व अनुभाग क्षेत्र के लिए एसडीएम आरंग, अभनपुर राजस्व अनुभाग के लिए एसडीएम अभनपुर और तिल्दा राजस्व अनुभाग के लिए एसडीएम तिल्दा प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किए गए है। नलकूप खनन या मरम्मत का काम पंजीकृत एजेंसी द्वारा किया जाएगा। किसी भी व्यक्ति या एजेंसी द्वारा निर्देशों का उलंघन किए जाने पर उनके विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## कोचली जलाशय योजना के लिए 19.39 करोड़ स्वीकृत



**रायपुर 27 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग द्वारा बलरामपुर जिले के विकासखण्ड-बलरामपुर की कोचली जलाशय योजना के कार्यों के लिए 19 करोड़ 39 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृत प्रदान किये गये हैं। योजना के प्रस्तावित कार्यों के उपरांत 350 हेक्टेयर में खरीफ एवं 150 हेक्टेयर क्षेत्र में रबी सहित कुल 500 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। योजना के कार्यों को पूर्ण कराने के लिए मुख्य अभियंता हसदेव गंगा कछार जल संसाधन विभाग अम्बिकापुर को प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है।

# हरितमय रहा जेआर दानी में परीक्षा परिणाम वितरण

**रायपुर 27 अप्रैल।** मिशन उत्कर्ष एवं हरियर पाठशाला प्रोजेक्ट के सकारात्मक प्रभाव के साथ-साथ जे.आर. दानी स्कूल में आयोजित 11वीं के वार्षिक परीक्षा परिणाम वितरण कार्यक्रम में एक नवाचारी पहल देखने को मिली। कक्षा 6वीं, 7वीं, 9वीं एवं 11वीं की सर्वोच्च अंक प्राप्त छात्राओं को उनके रिजल्ट के साथ हरित फ्लदार पौधे उपहार स्वरूप प्रदान किए गए, ताकि वे पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय योगदान दे सकें। इस अवसर पर शिक्षाविद एवं समाजसेवी श्री हरीश भाई जोशी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि वे अपने माता-पिता एवं गुरूजनों के प्रति सदैव कृतज्ञ रहें तथा समय के महत्व को समझें। संस्था के प्राचार्य डॉ. हितेष दीवान ने परीक्षा परिणाम घोषित करते हुए कहा कि जिला प्रशासन रायपुर द्वारा संचालित मिशन उत्कर्ष, हरियर पाठशाला एवं प्रोजेक्ट घंटी के साथ-साथ शासन की निःशुल्क सरस्वती साइकिल वितरण, पाठ्यपुस्तक एवं गणवेश वितरण योजनाओं से छात्राओं का सर्वांगीण विकास हो रहा है। उन्होंने बताया कि छात्राएं अपने पालकों एवं शिक्षकों के साथ लगाए गए पौधों का मोबाइल एप के माध्यम से संरक्षण भी सुनिश्चित कर रही हैं। प्राचार्य ने इस वर्ष लागू वार्षिक परीक्षा के 70 प्रतिशत एवं अर्धवार्षिक के 30 प्रतिशत मूल्यांकन पैटर्न के अंतर्गत समयबद्ध परिणाम तैयार करने हेतु परीक्षा विभाग एवं समस्त शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया। साथ ही छात्राओं को सकारात्मक सोच, खेल भावना एवं मानवता के गुणों को अपनाने का संदेश देते हुए कहा कि उन्हें यह विश्वास होना चाहिए कि आज का दिन हमारा है।

परिणाम की दृष्टि से कक्षा 6वीं एवं 7वीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जबकि कक्षा 9वीं का 78 प्रतिशत एवं कक्षा 11वीं का 88 प्रतिशत परिणाम रहा। कक्षा 11वीं (कॉमर्स संकाय) में कुमारी मुस्मत तहरीमा खातून ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं कक्षा 9वीं में कुमारी स्वर्णलता बंजारे 96 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम रहीं। कार्यक्रम में उपस्थित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने छात्राओं के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में मिडिल स्कूल की प्रधान पाठिका श्रीमती क्रांति चंद्राकर द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।



**PICTURE-स्टोरी**



**रायपुर। मन की बात कार्यक्रम के उपरांत छत्तीसगढ़ भाजपा द्वारा आयोजित टिफिन मीटिंग में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने अपने साथ लाए टिफिन से भजिया और टमाटर की चटनी कार्यकर्ताओं को स्वयं परोसी और सभी कार्यकर्ताओं के साथ बैठकर भोजन किया। आयोजन में संगठन की आत्मीयता स्पष्ट रूप से देखने को मिली कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप फरा, विधायक पुरंदर मिश्रा धुसका-बड़ा, प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी ठेठरी, प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज चौसेला और मोना सेन खुरमी जैसे पारंपरिक छत्तीसगढ़ी व्यंजन लेकर टिफिन मीटिंग में पहुँचे।**

# मन की बात हम सभी के लिए प्रेरणादायक : किरण देव

**रायपुर 27 अप्रैल।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत कालीपुर के बूथ क्रमांक 14 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात की 133वीं कड़ी का श्रवण किया।

इस दौरान जिला महामंत्री रजनीश पाणिग्रही,मंडल अध्यक्ष महेन्द्र सेठिया, सीमांचल दास, मनोज पटेल, आरेंद्र, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम कश्यप, जनपद सदस्य अनिता नागे , संरपंच सरिता भोयर,तेमल कश्यप, प्रदीप गुहा,लाला पटेल, अनंत राम , खगेश्वर भाजपा भोयर,सुरेश ठाकुर,धासीराम ,उदय दुबे,राधे पन्द्रै,प्रेम ठाकुर,व पदाधिकारी, ग्रामीण जन उपस्थित थे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष देव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम हम सभी के लिये प्रेरणादायक है। मन की बात के माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी समाज के विभिन्न प्रेरणादायी पहलुओं, देश के विभिन्न हिस्सों से जुड़ी नई जानकारी व नये कार्यों सहित अनेक विषयों का संदेश देशवासियों से साझा करते हैं। जनभागीदारी के साथ राष्ट्र निर्माण के संकल्प का बड़ा संदेश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम का आधार है। श्री देव ने कहा कि मन की बात के ज़रिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश की करोड़ों करोड़ जनता से सीधे संवाद स्थापित करते हैं। उनके विचारों को आत्मसात कर सशक्त, आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत के निर्माण में अपना अमूल्य योगदान देने हम सभी भी आगे आयें। केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने बिल्हा विधानसभा के सरगांव नगर पंचायत बूथ क्रमांक 121 में मन की बात का श्रवण किया। इस अवसर पर बिल्हा विधायक धरयलाल कौशिक, पार्टी के पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

**आयोजन** | **छत्तीसगढ़ में सामूहिक विवाह बना सामाजिक एकता का उत्सव**

# मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 13 नवदंपतियों को दिया आशीर्वाद



**रायपुर 27 अप्रैल।** दुर्ग जिले के ग्राम भरर (जामगांव-आर) में आयोजित तहसील स्तरीय विशाल कर्मा महोत्सव एवं सामूहिक आदर्श विवाह कार्यक्रम सामाजिक समरसता और परंपरा का जीवंत उदाहरण बनकर उभरा, जहां मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने सहभागिता करते हुए 13 नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया और उनके सुखमय दांपत्य जीवन एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने साहू समाज भवन पाटन में शेड निर्माण के लिए 50 लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान करने की घोषणा की। साथ ही ग्राम भरर पंचायत में शौचालय एवं शेड निर्माण तथा ग्राम पंचायत में सीसी रोड निर्माण के लिए 10 लाख रुपये देने की घोषणा भी की, जिससे क्षेत्रीय विकास को नई गति मिलेगी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने साहू समाज को छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा और गौरवशाली समाज बताते हुए माता कर्मा के योगदान को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया। उन्होंने कहा कि माता कर्मा की भक्ति और सेवा भावना समाज के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रही है। इस दौरान उन्होंने स्वर्गीय ताराचंद साहू को भी नमन किया और उनके साथ कार्य करने के अपने अनुभव साझा किए।

राज्य सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि पिछले 28 महीनों में राज्य में सुशासन स्थापित करने के साथ-साथ मोदी की गारंटी को पूरा करने की दिशा में ठोस कार्य किए गए हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के प्रयासों की सराहना करते हुए बताया कि राज्य में 18 लाख परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ प्रदान किया जा रहा है। किसानों को बकाया बोनस राशि का भुगतान, 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी तथा महतारी वंदन योजना के माध्यम से महिलाओं को मासिक आर्थिक सहायता दी जा रही है, जिससे वे आत्मनिर्भर बन रही हैं और सिलाई-कढ़ाई, किराना दुकान सहित अन्य छोटे व्यवसाय शुरू कर रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि रामलला दर्शन योजना के अंतर्गत दो वर्षों में लगभग 42 हजार लोगों को लाभ मिला है । उन्होंने बस्तर क्षेत्र में नक्सल समस्या के उन्मूलन और विकास कार्यों में आई तेजी को राज्य की महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया।ऊर्जा क्षेत्र की पहल का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना-2026 की शुरुआत मार्च 2026 में की गई है, जो उन उपभोक्ताओं के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है जिनका बिजली बिल लंबे समय से बकाया है। मोर बिजली ऐप के माध्यम से उपभोक्ता मोबाइल से ऑनलाइन पंजीकरण कर अपनी पात्रता की जांच कर सकते हैं। इस योजना के तहत बकाया राशि पर लगने वाले ब्याज

# कंस्ट्रक्शन कारोबारी का 50 लाख लेकर ड्राइवर फरार

**रायपुर 27 अप्रैल।** गीतांजलि नगर इलाके में रहने वाले कंस्ट्रक्शन कारोबारी उमेश प्रसाद का 50 लाख रुपए लेकर ड्राइवर कृष्णा साहू फरार हो गया। आरोपी कारोबारी के अकाउंटेंट को थाने के पास उतारकर गुटखा लेने भेजा और इस दौरान वह पैसे और गाड़ी लेकर भाग निकला। कारोबारी के रिश्तेदार अखिलेश प्रसाद की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने मामला दर्ज कर उसकी तलाश में जुट गई है।

खम्हारडीह पुलिस के अनुसार कारोबारी उमेश प्रसाद कंस्ट्रक्शन का काम करते हैं और उनका घर गीतांजलि नगर में है। शनिवार 25 अप्रैल को उन्होंने अपने अकाउंटेंट और ड्राइवर कृष्णा साहू को 50 लाख रुपए नकद देकर कार (सीजी 04 क्यूजी 6633) से घर पहुंचाने के लिए कहा। अकाउंटेंट और ड्राइवर पैसे लेकर गीतांजलि नगर के लिए निकले। खम्हारडीह थाने से कुछ ही दूरी पर एक पान ठेले के पास ड्राइवर कृष्णा साहू ने अकाउंटेंट को गुटखा लाने के लिए कहा। जैसे ही अकाउंटेंट गाड़ी से नीचे उतरा, ड्राइवर ने गाड़ी स्टार्ट की और मौके से फरार हो गया। अकाउंटेंट ने घटना की जानकारी तुरंत कारोबारी को दी। इसके बाद कारोबारी ने अपने रिश्तेदार अखिलेश प्रसाद को सूचित किया और आरोपी ड्राइवर के खिलाफ खम्हारडीह थाने में शिकायत दर्ज कराई। कारोबारी की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आरोपी ड्राइवर की तलाश शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि आरोपी कृष्णा साहू भाठागांव का रहने वाला है और पिछले एक साल से कारोबारी के यहां काम कर रहा था। घटना के बाद से उसका मोबाइल बंद है और वह फरार है। खम्हारडीह थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफअमानत में खयानत और धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26